तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024



अवैध पार्किंग करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी सड़कों के किनारे वाहन खड़े नजर आ रहे हैं।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

# नए कानून के तहत 10 दिनों में दर्ज नहीं हुई एक भी 'ई-एफआईआर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद अब पीड़ित पक्ष घर बैठे संबंधित थानेदारों के सरकारी मोबाइल नम्बर व थानों की ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत भेज सकते हैं, परन्तु विडंबना यह है कि कानून लागू होने के बाद पिछले 10 दिन में जिले के किसी थाने में एक भी ई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इसका मुख्य कारण लोगों में जानकारी का अभाव है।




**लोगों को जानकारी ही नहीं**

- थानेदारों के मोबाइल नम्बर व थानों के ईमेल में भेजी जा सकती है शिकायत

**क्या है नियम :** थानों में एफआईआर दर्ज कराना सबसे बड़ी परेशानी मानी जाती है, रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़ित पक्ष के लोगों को थाने का चक्कर लगाना पड़ता है, इसे देखते हुए 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता में ई एफआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें कोई भी अपराधिक घटना होने पर पीड़ित पक्ष घर बैठे ई एफआईआर के तहत आनलाइन संबंधित थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता हैं। इसमें तीन दिन के भीतर पीड़ित पक्ष थाने मे जाकर एफआईआर में हस्ताक्षर करना होगा। हस्ताक्षर नहीं होने पर एफआईआर को मान्य नहीं माना जाएगा।

### अब तक शून्य में केवल दो मामले दर्ज

जिले में नया कानून लागू होने के बाद शून्य में दो मामले दर्ज किए गए हैं । कोतवाली टीआई एसआर साहू ने बताया, मंगला ठेठा डबरी निवासी पूजा पटेल पति रवि पटेल की शादी 14 फरवरी 2024 में हुई थी। 7 जुलाई को सुबह 10 बजे घरेलू काम को लेकर उनका पति रवि पटेल उनके साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने मना करने पर घर से निकल जा बोलकर बाहर चला गया। दोपहर में वह शराब पीकर घर आया और फिर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। दूसरे दिन 8 जुलाई को दोपहर 2 बजे फिर वह शराब पीकर आया और उनके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर बाल पकड़कर मारपीट करने लगा। पूजा ने मारपीट करने की जानकारी अपने परिवारवालों को दी। उनके परिवारवाले आए तो रवि पटेल उनके साथ भी गाली गलौज करने लगा। उसके बाद उनके परिवारवाले मायके दयालबंद मधुबन रोड लेकर आ गए। उसके बाद पूजा घटना की रिपोर्ट लिखाने कोतवाली थाना पहुंच गई। नए कानून के तहत कोतवाली पुलिस ने पूजा पटेल की रिपोर्ट पर हमलावर पति रवि के खिलाफ शून्य में बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत अपराध दर्ज कर डायरी सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया है।

### जांजगीर की युवती ने लिखाई थी रिपोर्ट

सिविल लाइन क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ जांजगीर में अनाचार किया गया था। तीन दिन पूर्व पीड़िता ने सिविल लाइन थाना रिपोर्ट लिखाने गई। पुलिस ने शून्य में मामला दर्ज कर डायरी जांजगीर भेज दिया था। उसके बाद बुधवार को कोतवाली थाने में शून्य में दूसरा मामला दर्ज किया गया है।

### छत्तीसगढ़ आफिशियल वेबसाइट में ईमेल आईडी

इंटरनेट में छत्तीसगढ़ आफिशियल वेबसाइट में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी, थानेदारों की सरकारी मोबाइल नम्बर व थानों के ईमेल आईडी अपलोड है। आम लोग उक्त वेबसाइट में जाकर अपने संबंधित थाना क्षेत्र के थानेदार का सरकारी मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी देख सकते हैं और उसके माध्यम से ई एफआईआर की शिकायत कर सकते हैं।

### इन मोबाइल नम्बर में करा सकते हैं आनलाइन ई एफआईआर

| | | |
|---|---|---|
| सिटी कोतवाली | - | 94791, 93018 |
| सिविल लाइन | - | 94791, 93019 |
| तारबाहर | - | 94791, 93020 |
| तोरवा | - | 94791, 93021 |
| सरकण्डा | - | 94791, 93022 |
| कोनी | - | 94791, 93023 |
| सकरी | - | 94791,91721 |
| सिरगिट्टी | - | 94791, 90151 |

### सरकारी मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी पर करें शिकायत

छत्तीसगढ़ आफिशियल वेबसाइट पर प्रदेश के पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारी व थाना के सरकारी मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी अपलोड है। वेबसाइड के माध्यम से संबंधित थानेदार के सरकारी मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी में अपनी ई एफआईआर की शिकायत भेज सकते हैं। उसके बाद 3 दिन के भीतर पीड़ित पक्ष को थाने में जाकर एफआईआर में हस्ताक्षर करना होगा। हस्ताक्षर नहीं करने पर शिकायत मान्य नहीं होगा। अब तक जिले में एक भी ई एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है।

**उमेश कश्यप,** एडीशनल एसपी

## खबर संक्षेप

### बारिश के इंतजार में लोग तापमान 34 डिग्री पर

**बिलासपुर।** जिले में पिछले एक सप्ताह से मानसूनी गतिविधियां सक्रिय नहीं है। बारिश पर ब्रेक लग गया है। आधा अषाढ़ बीतने के बाद भी अच्छी बारिश नहीं होने से लोग हलाकान हो रहे हैं। इस बीच बुधवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री दर्ज हुआ। इसके चलते गर्मी और उमस बढ़ गई है। पिछले 5 दिनों से शहर में बूंदाबांदी भी बंद है। ऐसे में अब किसान भी परेशान है। इधर मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में 11 जुलाई को अनेकों स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही अंधड़ और वज्रपात की संभावना है।

### घरौंदा केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रहीं

**बिलासपुर।** प्रदेश भर में चल रहे घरोंदा केंद्रों के मामले में शासन ने जवाब पेश करते हुए कहा कि हमने रहने वालों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। कोपलवाणी एनजीओ ने अधिवक्ता देवर्षि सिंह के माध्यम से यह जनहित याचिका पेश की है। रायपुर के एक संस्थान में भूख से बच्चों की मौत होने के बाद यह मामला सामने आया था। इसके बाद प्रदेश भर में संचालित हो रहे घरौंदा केंद्रों को लेकर भी इस याचिका में सुनवाई की गई। पहले हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कोर्ट कमिश्नरों से कहा था कि वे जाकर बिलासपुर समेत अन्य जगहों के केंद्रों में देखें कि बच्चों की स्थिति क्या है। कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट पेश कर कुछ जगह खाने पीने में परेशानी की बात कही थी। बुधवार को चीफ जस्टिस की डीबी में शासन ने अपना जवाब पेश किया। हाईकोर्ट ने इस मामले में अब आगामी 5 अगस्त को अगली सुनवाई निर्धारित कर दी है।

### बृहस्पति बाजार की पार्किंग में दुकान



**बिलासपुर।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधर नहीं रही है। नगर निगम ने दावा किया था कि वृहस्पति बाजार को हाईटेक बनाया जाएगा। लेकिन अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अब तो यहां के सब्जी विक्रेता सड़क पर बैठ गए हैं, जहां लोग वाहन पार्क करते थे। ऐसे में सड़क का 75 प्रतिशत हिस्सा बेजा कब्जा और वाहनों के रखने से जाम हो गया है। जिसके चलते इस सड़क पर चलने वालों को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। शाम के वक्त इस रोड पर जाने के बजाए लोग अपने वाहनों के पहिए ही मोड़ लेते हैं, लेकिन न तो ट्रैफिक पुलिस और न ही निगम अफसर इस पर कोई कार्रवाई कर रहे हैं।

## अपनी मांगे मनवाने पटवारी और तहसीलदार हड़ताल पर

# तहसीलों में नहीं हुआ कामकाज प्रमाणपत्रों के लिए भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पटवारियों और तहसीलदारों ने अपनी मांगों के लिए हड़ताल कर दी है, परन्तु परेशान आम लोगों को होना पड़ रहा है। पटवारी 8 जुलाई से काम बंद कर धरने पर बैठे हैं तो बुधवार से प्रदेश भर के 450 से अधिक तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने काम नहीं करने का ऐलान कर दिया। इससे राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप है। तहसीलों में कोई काम नहीं हो रहा तो भीड़ भाड़ वाला आफिस खाली नजर आया। इससे ग्रामीण, किसान और छात्र काफी परेशान हो रहे हैं। सीमांकन, नामांतरण से लेकर कई मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी और तिथि आगे बढ़ाने पड़ गई। लोगों को लौटना पड़ गया। बिलासपुर के किसी भी तहसील में एक भी प्रकरण की सुनवाई नहीं हो सकी।

**राजस्व के काम ठप**

- आम लोगों को होना पड़ रहा हलाकान ग्रामीण, किसान व छात्र भी परेशान

इस हड़ताल से जिले के कई तहसीलों में सन्नाटा पसरा रहा। सीमांकन, नामांतरण आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा सहित 10 से अधिक प्रकार के काम पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं, जिस वजह से तहसील आ रहे ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।




मुंगेली नाका स्थित ग्रीन गार्डन मैदान पर धरना देते पटवारी संघ के सदस्य।

### तहसीलों में नहीं है वैकल्पिक व्यवस्था

तहसीलदारों के साथ पटवारियों के हड़ताल पर जाने से खासकर राजस्व विभाग का कामकाज पूरी तरह से ठप है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि कोशिश की जा रही है कि ग्रामीण अंचलों से जरूरी दस्तावेज बनाने तहसील पहुंच रहे ग्रामीणों को यहां से निराश ना जाना पड़े, लेकिन पटवारियों के हड़ताल पर जाने से जरूर तहसीलों में ग्रामीणों का सही समय पर काम नहीं हो पा रहा है,जिससे उन्हें दिक्कतें हो रही हैं।

### भटकते रहे लोग

- बिलासपुर तहसील में दोपहर एक बजे मोपका से 46 वर्षीय रामकुमार पहुंचे थे। उनकी जमीन का सीमांकन होना है जिसके लिए आदेश जारी होना था। अब अगली पेशी दे दी गई है।
- तहसील आफिस में टिकरापारा से 32 वर्षीय रणधीर दुबे एक झोला लिए हुए मिले। उनका फौती नामांतरण का प्रकरण 6 महीने से चल रहा है। बुधवार को सुनवाई थी जो कि आगे बढ़ा दी गई।
- श्रीमती संगीता विमल ने खमतराई में 2 हजार वर्गफीट जमीन खरीदी है। इसके नामांतरण का प्रकरण तहसीलदार कोर्ट में चल रहा है। अपने पति के साथ पहुंची महिला को वापस लौटना पड़ा।
- नए शिक्षा सत्र के लिए स्कूलों में एडमिशन जारी है। सभी जगह आय, जाति निवास मांगी जा रही है, लेकिन इस हड़ताल की वजह से शासन के सभी योजनाओं से छात्र भी वंचित हो रहे हैं।

### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे आंदोलन

पटवारी संघ के बृजेश सिंह ने बताया कि वेतन विसंगति दूर करने , सीनियरिटी के आधार पर पदोन्नति देने और विभागीय नियमित परीक्षा, संसाधन एवं भत्ता, स्टेशनरी भत्ता, और मुख्यालय में निवास की बाध्यता खत्म करने और विभागीय जांच के बिना एफआईआर दर्ज नहीं करने जैसे 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

### सरकार का अभियान प्रभावित

6 जुलाई को पटवारियों के काम काज और राजस्व विभाग के विशेष अभियान का ऐलान खुद राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया था। इसके बाद 8 जुलाई को हड़ताल पर पटवारी चले गए। मंत्री ने कहा था कि राजस्व प्रकरणों का पंजीयन और पेशी की तारीख अपडेट नहीं करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। फौती, नामांतरण और बटवारा जैसे प्रकरणों के निराकरण के लिए गांवों में शिविर लगेंगे। इनमें पटवारियों का अहम रोल था। यह शिविर हर जिले में 6 से 20 जुलाई तक आयोजित करने की तैयारी थी। प्रदेश में करीब 5 हजार पटवारी हैं। सभी काम बंद कर चुके हैं।

## सिलपहरी इंडस्ट्रियल एरिया का मामला

### सीएसपीडीसीएल की जमीन पर कारखाना मालिक तोड़वा रहा था पानी टंकी



सिलपहरी इंडस्ट्रियल एरिया में धराशायी हुई पानी टंकी।

# पानी टंकी तोड़ रहे जेसीबी पर गिरा पूरा मलबा, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलपहरी इंडस्ट्रियल एरिया में अग्रवाल इंफ्रास्ट्रक्चर के पीछे सीएसपीडीसीएल की जमीन पर एलॉटमेंट के बाद कारखाना खोलने की तैयारी चल रही है। यहां जमीन को समतलीकरण करने के साथ ही पुरानी पानी टंकी को तोड़ा जा रहा है। मंगलवार को इसी बीच पानी टंकी के दो पाए को तोड़ने के बाद जेसीबी का चालक तीसरे पाए को तोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी समय पानी टंकी का पूरा मलबा जेसीबी पर ही भरभराकर गिर गया। ऐसे में आनन-फानन में यहां काम करा रहे लोगों ने मलबा हटाकर जेसीबी के अंदर से चालक को बाहर निकालकर उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इधर मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया, जिसे सिरगिट्टी पुलिस को भेजा गया। ड्रायवर का नाम नीरज बताया जा रहा है। सिरगिट्टी सूचना मिलने के बाद दिनभर जगह की तलाश करती रही। लेकिन उन्हें घायल के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जबकि लोगों ने इस घटना को एक दिन पहले मंगलवार को होना बताया। ऐसे में पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

- वायरल हुआ वीडियो, पुलिस कह रही शिकायत नहीं मिली




पानी टंकी के मलबे से दबा जेसीबी।

### धूमा और सिलपहरी के सरपंचों से पूछताछ

सिरगिट्टी थाना प्रभारी विजय चौधरी ने बताया कि पानी टंकी तोड़ने के दौरान जेसीबी पर मलबा गिराने की जानकारी मिली है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। अब तक किसी भी पीड़ित पक्ष ने थाने में सूचना नहीं दी है। वीडियो के आधार पर धूमा और सिलपहरी के सरपंचों से पूछताछ की गई है। घायल की जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है।

## राशन देने बार बार बुलाने और दुकान बंद रखने पर की गई कार्रवाई

# घुटकू-लमेर की राशन दुकान निलंबित, एक दर्जन को नोटिस भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर एसडीएम ने की घुटकू और लमेर में कार्रवाई करते हुए दो राशन दुकानों को निलंबित कर दिया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जनदर्शन में प्राप्त शिकायत की जांच करने अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर और खाद्य नियंत्रक बिलासपुर को निर्देशित किया था।

खाद्य निरीक्षक तखतपुर से जांच करवाई गई। जांच में घुटकू दुकान संचालक/विक्रेता गणेश नोनिया द्वारा राशन कार्डधारियों को राशन देने दुकान में 3 बार बुलवाया जाना और कार्डधारी को परेशान व प्रताड़ित करना पाया गया। वहीं लमेर के आश्रित ग्राम नरोतीकापा में 146 राशन कार्डधारी को लमेर दुकान संचालक/विक्रेता दीपक यादव द्वारा समय में खाद्यान्न प्रदाय नहीं करने व दुकान नियमित नहीं खोलने, विक्रेता द्वारा मनमानी कर अनियमितता करने की शिकायत सही पाई गई। शासकीय उचित मूल्य दुकान घुटकू, लमेर के उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा जांच में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। उनका जवाब संतोषजनक और समाधान कारक नहीं पाया गया। ऐसे में दोनों दुकानों को निलंबित कर दिया गया। निलंबन की कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत की गई। शासकीय उचित मूल्य दुकान घुटकू को राशनकार्ड धारी की सुविधा को दृष्टिगत करते हुए नवीन उचित मूल्य दुकान नरोतीकापा में व लमेर के दुकान को गोकुलपुर के उचित मूल्य दुकान में आगामी आदेश पर्यंत संलग्न किया गया है।

### राशन प्रतिपूर्ति नहीं की तो होगी कार्रवाई

शासकीय उचित मूल्य दुकान राजपुर, कुरेली, लिदरी, विजयपुर, कोपरा, सालहेकापा, पथर्रा, देवरीकला, सकेरी, देवतरा, सिंघनपुर, बेलगहना के संचालकों को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत खाद्यान्न व्यपवर्तन/अनियमितता की प्रतिपूर्ति करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के द्वारा दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया है कि उक्त दुकान संचालकों द्वारा तय समय सीमा में खाद्यान्न प्रतिपूर्ति नहीं किए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर राजस्व वसूली की कार्यवाही किया जाएगा।

# बिल्हा क्षेत्र में डायरिया से दो की मौत

**बिलासपुर।** बिल्हा ब्लाक में डायरिया से दो की मौत हो गई है, जिसमें एक 19 साल की युवती और एक 45 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। सीएमएचओ ने सभी जगह के बीएमओ को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर शिविर लगाने का निर्देश दिए हैं।



जिले में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बिल्हा ब्लाक के ग्राम नेवसा में एक 19 वर्षीय युवती नेहा धीवर की मौत बुधवार की शाम हो हुई है। उसी क्षेत्र के मदनपुर गांव में रहने वाले एक 45 वर्षीय हीराराम की भी मौत हो गई है। हालांकि सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव का कहना है कि डायरिया से नेहा धीवर की मौत होने की जानकारी मिली है। हीराराम की मौत हार्ट अटैक से हुई है। सीएमएचओ ने बताया युवती किसी निजी अस्पताल में इलाज करा रही थी।

## खबर संक्षेप

### ज्योतिष पर अशोक की 11 पुस्तक 'योग बनाए संयोग' का विमोचन



बिलासपुर। वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार अशोक व्यास की 11 वीं पुस्तक ' योग बनाए संयोग' का विमोचन 10 जुलाई बुधवार को बुक्स क्लीनिक भवन कुदूदंड में हुआ। इसके पहले श्री व्यास कविताओं की पुस्तक साक्षी की 5 श्रृंखलाएं तथा ज्योतिष पर पुस्तक' समस्याएं आपकी समाधान हमारे', 'समस्त व्रत पूजा विधान ' पुस्तक के अलावा 'सत्यनारायण व्रत कथा' और 'मंत्र बोलते हैं भाग्य खोलते हैं', पुस्तक 'मुहूर्त हाथ में सफलता साथ में' पुस्तक लिख चुके हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 160 पेज की इस पुस्तक में ज्योतिष में बनने वाले 111 योगों को बेहद सरल तरीके से व्याख्या करने की कोशिश की गई है। विमोचन के अवसर पर बुक्स क्लीनिक के डायरेक्टर हितेश सिंह बिसेन, को-डायरेक्ट ऋचा सिंह बिसेन,अनिका सिंह बिसेन, बबीता व्यास, साक्षी व्यास, अनुज प्रताप सिंह, जन्मेजय पैकरा, राजेश कुमार बंजारे, रजनी केशरवानी, आर्यन धीवर, सतीश राजपूत, दिव्या सिंगरौल, अनिल श्रीवास, प्रिया क्षत्री, दीपेश सिंह, श्रुति राजवाड़े, जिया तुमानिया आदि मौजूद थे।

### महंगाई भत्ता व बिलासपुर को बी-2 श्रेणी घोषित करने सौंपा ज्ञापन



बिलासपुर। महंगाई भत्ता व बिलासपुर को बी - 2 श्रेणी घोषित करने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले संघ का प्रतिनिधिमंडल पुराने कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर से रैली प्रदर्शन कर कलेक्टोरेट पहुंचा। यहां संघ ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि केन्द्र के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को वर्तमान में 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। संघों को अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी करने तथा बिलासपुर शहर को बी-2 श्रेणी घोषित करने की मांग की गई है। मांगें पूरी नहीं होने पर 10 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों को मांगों का ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, पवन शर्मा, आर.के चंदवारी, हिमांचल साहू, चंद्रशेखर यादव, राजेश टण्डन, महेन्द्र तिवारी, अनिल मिश्रा, श्रीधर राव ओम त्रिपाठी, दुर्गेश साहू, राजू आदि मौजूद थे।

### चार साल की सनाया ने की हज यात्रा बनी प्रदेश की पहली हज यात्री



बिलासपुर। रामावर्ल्ड निवासी चार साल की सनाया फातिमा खान हज की यात्रा कर सकुशल वापस देश लौट गई हैं। इतनी कम उम्र में हज की इस यात्रा पूरी करने वाली सनाया छत्तीसगढ़ की पहली बच्ची बन गई हैं। ये मुस्लिम समाज व शहर के लिए गौरव की बात है। पिता शरफराज खान ने बताया कि बुधवार को सनाया शहर पहुंची। उन्होंने बताया कि सनाया शुरू से ही हज यात्रा करने लगाव था। यह देख हमने भी उसका हौसला बढ़ाया और परिवार के साथ हज करने भेजा। यह बहुत कठिन यात्रा है। मक्का में हज यात्रा के दौरान 56 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी रहती है और यात्रा 40 दिन की रहती है। इस दौरान खान-पान तक अनुकूल नहीं रहता, मगर सनाया के बुलंद हौसले के सामने कुछ भी नहीं डगमगाया और उसने निडर होकर यात्रा पूरी की। गौरतलब है कि इस बार साउदी अरब में गर्मी ने कहर बरपाया है। जानलेवा गर्मी में हज यात्रा पर गए कई लोगों को जान तक गंवानी पड़ी है। ऐसे कठिन हालात में सकुशल आने पर परिवार ने अल्लाह का शुक्रिया किया।

### पूनम को मैट्स विवि ने दी पीएचडी

बिलासपुर। मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर ने पूनम सिंह को उनके शोध कार्य के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि दी है।



श्रीमती सिंह ने वनांचल क्षेत्रों में एकल विद्यालयों के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं शैक्षिक दुश्चिंता पर शालेय वातावरण का प्रभाव विषय पर शोध किया है। उन्होंने यह शोध कार्य डा. परविंदर हंसपाल के निर्देशन में पूरा किया है। वे वर्तमान में शासकीय हाईस्कूल फरहदा की व्याख्याता हैं।

### नगर निगम गार्डन की जगह बनाए पार्किंग स्थलः डा. उज्जवला

बिलासपुर। शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कबाड़ी की जगह पर गार्डन बनाए जाने के फैसले



का विरोध बढ़ता जा रहा है। आम आदमी पार्टी की डा. उज्ज्वला कराड़े ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि जिस स्थान पर गार्डन बनाया जा रहा है, वहां पार्किंग की जरूरत अधिक है। इस क्षेत्र के व्यापारियों का भी मानना है कि गार्डन की जगह पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए थी। पुराने बस स्टैंड के आसपास सामान लोडिंग और अनलोडिंग के लिए भारी वाहन आते हैं। गार्डन बनने से यहां लगभग 50 से अधिक दुकानों का रास्ता बंद हो जाएगा। जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होगी। वहीं नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सूर्या होटल के सामने अवैध पार्किंग हटाकर 30 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। जिससे व्यापारियों को सुविधा होगी।

### रेलवे जीएम इटियारा से मिला हमर राज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल, रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग

# रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक इमारत को रखें संरक्षित, बिलासपुर पेंड्रा के बीच छोटे स्टेशनों पर स्टॉपेज दें या नई मेमू ट्रेन चलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हमर राज पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक मीनू इटियारा से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के सुदीप श्रीवास्तव ने रेलवे जोन की पहली महिला महाप्रबंधक का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने बिलासपुर और छत्तीसगढ़ में रेलवे सुविधाओं के लिए एक ज्ञापन सौंपा।

- अंबिकापुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग

महाप्रबंधक मीनू इटियारा ने प्रतिनिधिमंडल को जनता के हित में फैसले लेने का भरोसा दिलाया। चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बिलासपुर से पेंड्रा के बीच आदिवासी क्षेत्र में ट्रेनों के स्टॉपेज समाप्त हो जाने से लोगों के रोजगार, शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी स्टॉपेज पहले की तरह बहाल किए जाए या बिलासपुर पेंड्रा के बीच नई मेमू ट्रेन और अतिरिक्त रूप से चलाई जाए जो सभी स्टेशनों पर रुके। इस पर महाप्रबंधक ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भरोसा दिलाया।

#### धरोहर के रूप में संरक्षित रखें

1890 में बनी बिलासपुर स्टेशन की ऐतिहासिक इमारत, जहां गुरुदेव रविंदनाथ टैगोर ने समय बिताया। यहां लिखी उनकी कविता जो स्टेशन में अंकित है। प्रतिनिधिमंडल ने ऐसी धरोहर को नए विकास कार्यों के बीच संरक्षित करने की मांग की। रेलवे जीएम ने सहमति जताते हुए कहा कि रेलवे की भी योजना इस ऐतिहासिक इमारत को धरोहर के रूप में संरक्षित करने की है।



#### बिलासपुर से बालाघाट, जबलपुर के लिए नई ट्रेन मांगी

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि गोंदिया से जबलपुर की छोटी लाइन के बड़ी लाइन में बदल जाने के बाद भी बिलासपुर से गोंदिया, बालाघाट होते हुए जबलपुर मार्ग पर कोई ट्रेन नहीं है। इस मार्ग पर नई ट्रेन देने की मांग की साथ ही बिलासपुर से गोंदिया, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा होकर भोपाल तक नई ट्रेन की संभावनाओं पर भी विचार करने का आग्रह किया(

#### उसलापुर में सेकेंड एंट्री की मांग

उसलापुर स्टेशन के दूसरी ओर चार नंबर प्लेटफार्म और बुकिंग ऑफिस आदि खोलने की मांग प्रतिनिधिमंडल की । महाप्रबंधक ने इसके बारे में कहा कि ये सारे कार्य उसलापुर स्टेशन के विकास कार्य फेस-टू में शामिल किए गए हैं और अभी फेस-वन का विकास कार्य चल रहा है । हमर राज पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में सुदीप श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास, शैलेश शर्मा, केशव गोरख, रघुराज सिंह, दीपक कश्यप और बबला साहू आदि शामिल थे।

#### दिन में चले अंबिकापुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन

अंबिकापुर से राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर के बीच केवल रात को एक ट्रेन होने का जिक्र करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने दिन के समय एक अंबिकापुर रायपुर इंटरसिटी ट्रेन की मांग की। ये ट्रेन सुबह अंबिकापुर से चलकर रात को वापस अंबिकापुर पहुंचेगी।

### साइबर अपराध से बचने पुलिस अफसरों ने किया जागरुक

# अनावश्यक सोशल मीडिया के उपयोग से परहेज करना जरूरी : कुलपति

बिलासपुर। डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में पुलिस चेतना कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिलासपुर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने साइबर अपराध के प्रकार और इनसे बचने के संबंध में जानकारी दी।

- कोटा थाना व डा. सीवी रमन विवि का संयुक्त आयोजन

यह आयोजन कोटा थाना व डा. सीवी रमन विवि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि आज बच्चे से लेकर वृद्ध तक सभी सोशल मीडिया में सक्रिय हैं, हमें इस बात की कोशिश करनी चाहिए कि अनावश्यक रूप से हम सोशल मीडिया में ना रहें। हर व्यवहार करने से पहले उस संबंध में जानकारी लें। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही सार्थक है। आवश्यकता इस बात की है कि हम एक दूसरे को इस बारे में अपडेट करते रहें।



सीवीआरयू में आयोजित साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

#### साइबर सेल प्रभारी ने बताया कार्य व सुरक्षित रहना

बिलासपुर साइबर सेल प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने साइबर अपराध को रोकने के लिए कार्य और सुरक्षित रहने के लिए तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने जिले में हुए अपराधों के डाटा और उन पर की गई। कार्रवाई से अवगत कराया।

#### बदलते समय के साथ अपराध के तरीके भी बदलेः गुप्ता

मुख्य वक्ता आईपीएस उमेश गुप्ता ने बताया कि बदलते समय के साथ अपराध के तरीके भी बदलते जा रहे हैं। साइबर क्राइम करने वालों का नेटवर्क भारत के साथ-साथ विदेश तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आज अधिक चैतन्य होने की जरूरत है। यदि हम चैतन्य रहेंगे तो कोई भी अपराध हमारे साथ नहीं हो सकता। सोशल मीडिया पर काम करते समय कंफर्ट जोन में ना रहें, अलर्ट मोड में रहें। साइबर सेल के एडिशनल एसपी अनुज कुमार ने अननोन कॉल, फेक लिंक, पुलिस अधिकारी, सीबीआई, ईडी, विदेश से गिफ्ट, ऑनलाइन जॉब, अननोन चैटिंग सहित अनेक प्रकार के साइबर अपराध की तकनीकी जानकारी दी।

#### युवाओं को सतर्क होने की जरूरत

डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि साइबर अपराध में सबसे पहले युवाओं को सतर्क होने की जरूरत है, इसलिए यह आयोजन बहुत ही सार्थक है। कोटा थाना प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि चेतना कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। हम स्कूलों, महाविद्यालयों, और अनेक संगठनों में जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। किशोर सिंह ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति बाला गुप्ता ने किया।

### तकरीरी जलसे में दिया लड़कियों के लिए शिक्षा का पैगाम

बिलासपुर। उसकी देन कमेटी द्वारा मोहर्रम के मौके पर शोहदा-ए- करबला तकरीरी जलसे के दूसरे दिन मेरठ उत्तर प्रदेश के अल्लामा मौलाना मुफ्ती रहमतुल्ला ने प्रवचन



दिया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मजहर ने किया। इसी तरह रमजानी बाबा दरगाह परिसर में महिलाओं के जलसे में मुम्बई की आलीमा मैसरजहां साहिबा ने लड़कियों के लिए शिक्षा का पैगाम दिया। साथ ही देश व शहर में अमन चैन की दुआ की। इस अवसर पर कमेटी के शेख नजीरूद्दीन, हाजी गय्यूर हुसैन, एसए कादिर, सलीम, अबरार बाबा,हबीब मेमन, ईंसान अली, रज्जाक बड़े, प्यारू भाई,आरिफ बेग, कलीम आटो, अर्जुन सिंह, जावेद,फारुख, दुलारे, प्यारे, खालिद भाई, नासीर नवाब, मूसा, जफर सिटी मेन, बबली, विक्की,निसार, एखलाक अली, सारिक, शेरू पेंटर, मंझला, इकबाल, राजू, अशद अली, नईम के सांथ मस्जिदों के इमामो खतीब मोदर्रीश के साथ प्रबुद्ध जनो, बुजुर्ग औरते व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### मोहर्रम मनाने समाज प्रमुखों की तैयारी बैठक आज

कौमी एकता का प्रतीक मोहर्रम का पर्व शांति एवं सौहार्द पूर्ण मनाने के लिए तैयारी बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा 11 जुलाई को पुलिस मैदान बिलासा गुड़ी में दोपहर 1.30 बजे से आयोजित की जा रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए फिरोज कुरैशी एवं हबीब मेमन ने ताजिया कमेटियों, सवारियों के समस्त मुहावरों, शेर नाच का प्रदर्शन करने वाले, लंगर कमेटियों, तकरीर मजलिस की कमेटियों के प्रमुखों तथा ईरानी एवं शिया समुदाय के पदाधिकारियों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

### 5वीं तक के बच्चों की अब होगी स्थानीय भाषा-बोली में पढ़ाई

बिलासपुर। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 5वीं तक के बच्चों की स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी से 12 वीं तक सबको शिक्षा उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई है। सरकार के इस फैसले से छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच के सदस्यों ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की है।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई-लिखाई एवं सरकारी कार्यालयों में कामकाज कराने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच एवं छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना ने निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व को समझाने पदयात्रा निकाली। महामाया चौक से लेकर हाईकोर्ट तक न्याय यात्रा की। छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना ने नेहरू चौक में धरना देकर स्थानीय भाषा के प्रयोग पर जोर दिया। दोनों संगठनों ने मिलकर दिल्ली के जंतर मंतर में सत्याग्रह कर प्रधानमंत्री कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से कक्षा पहली से पांचवीं तक छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई कराने की मांग की। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्वाभिमान जन जागरण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के हर जिले, तहसील में किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर छत्तीसगढ़ी को शिक्षा का माध्यम बनाने की मांग भी की थी। छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच व मोर चिंहारी छत्तीसगढ़ी के प्रांतीय संरक्षक नंदकिशोर शुक्ला एवं छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना की प्रदेश अध्यक्ष लता राठौर ने संयुक्त रूप से कहा कि मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई लिखाई कराने के लिए लंबे समय से की जा रही मेहनत अब रंग लाई है। वर्षों की इस मांग के पूरी होने पर हम छत्तीसगढ़ वासियों को गर्व है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रीराम के जयकारे से स्टेशन राममय, श्रद्धालुओं का स्टेशन पर स्वागत

# अयोध्या-काशी विश्वनाथ के दर्शन करने 850 श्रद्धालु रवाना

बिलासपुर। रामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। इसमें जिले से 219 श्रद्धालु अयोध्या धाम की यात्रा पर निकले हैं। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। श्री रामलला दर्शन योजना के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का स्टेशन में तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे के साथ पूरा स्टेशन परिसर राममय हो गया।

बिलासपुर स्टेशन परिसर में बुधवार को आस्था स्पेशल ट्रेन से श्रद्धालु अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना हुए। स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। पारंपरिक लोक नृत्य और बाजे-गाजों के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना किया गया। स्टेशन परिसर श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। गौरतलब है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा रहा है। ट्रेनों में यात्रियों के खान-पान सहित सभी सुविधाएं सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत आज बिलासपुर जंक्शन से आस्था स्पेशल की दूसरी ट्रेन संभाग के 850 यात्रियों को लेकर रवाना हुई।






#### दर्शन करना सौभाग्य की बात

अयोध्या जा रही ट्रेन में सवार सावित्री गुप्ता ने कहा कि उसे बहुत खुशी है कि वह रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रही है। उनके आने-जाने, रूकने, खाने-पीने और मंदिर दर्शन की व्यवस्था राज्य शासन द्वारा की गई है। वे काशी जाकर बाबा विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। कहा कि हम जैसे लोगों के लिए यह असंभव था। लेकिन इस तीर्थ यात्रा के माध्यम से अयोध्या में रामलला का दर्शन संभव हो रहा है।

#### तीर्थ का मिल रहा पुण्य

सरजू बगीचा निवासी अशुतोष शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों को सरकार तीर्थ यात्रा का पुण्य दे रही है। सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। परसदा निवासी गणेश राम रजक ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में सभी को तीर्थ यात्रा की इच्छा रहती है। उन्होंने कहा कि हम इस यात्रा से धन्य हो रहे हैं जो हमें रामलला के दर्शन का अवसर मिल रहा है।

## एजुकेशन प्लस

### न्यू होराईजन डेंटल कॉलेज के डाक्टरों ने छात्रों को बताया दांतों की सुरक्षा करना

बिलासपुर। न्यू होराईजन डेंटल कालेज सकरी द्वारा 9 जुलाई से डीएवी, मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द व तखतपुर में दो दिवसीय दंत परीक्षण शिविर लगाया गया।



शिविर प्रभारी इन्टर्न साक्षी सहारे ने बताया कि 9 व 10 जुलाई को न्यू होराईजन डेंटल कालेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट सकरी द्वारा आयोजित निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर में डा. अनिल अग्रवाल, डा. स्वाति अग्रवाल, डा. आंचल प्रधान और डा. दिपानिता भटटाचार्य ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दांतों को सुरक्षित रखने, सड़न से बचाने, दांतों को मजबूत रखने के उपायों की जानकारी दी। दांतों की देखभाल व सुझाव के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। शिविर को सफल बनाने में शिविर प्रभारी साक्षी सहारे, साग्निक दे, रौशन बारिक, ज्योति प्रभा प्रधान आदि का योगदान रहा। इसमें शिविर में 300 से अधिक बच्चों व कर्मचारियों के दांतों की जांच कर आवश्यक सुझाव दिए गए।

### सेंट जेवियर स्कूल के युगांतर ने जीता ताइक्वांडो में स्वर्ण व रजत पदक

बिलासपुर। सेंट जेवियर हाई स्कूल कक्षा 11वीं के छात्र युगांतर सिंह ने नई दिल्ली में 27 अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।



वहीं रायगढ़ में 5 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीत कर अपने स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। युगांतर की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डा. बीबी मेहता ने कहा कि युगांतर की समर्पण और धैर्य उनके साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें गर्व है कि वह हमारे स्कूल का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर कर रहे हैं। सेंट जेवियर स्कूल के सीएमडी डॉ. जीएस पटनायक ने कहा कि हम अपने छात्र को खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखकर रोमांचित हैं। युगांतर की उपलब्धि स्कूल की इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि वह विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले सर्वांगीण व्यक्तियों को पोषित करता है। श्री पटनायक सहित श्रीमती लेखाश्री, प्राचार्य डा. बीबी महता, उप प्राचार्य रंजना बहादुर और एचएम ए. ललिता ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बचपन प्ले स्कूल और अचीवर्स पब्लिक स्कूल में मना वन महोत्सव और मैंगो डे

बिलासपुर। मंगला चौक और गतौरी स्थित बचपन प्ले स्कूल और अचीवर्स पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव और मैंगो डे मनाया गया। इस महोत्सव में इस बार का स्लोगन ' एक पेड़ मां के नाम रखा गया।



शाला के बच्चों ने कई प्रजाति के पौधे लगाए। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधे लगाने का महत्व बताया। उन्हें पौधरोपण के प्रति जागरुक किया गया। उपप्राचार्या ने कहा कि हम सब धरती को हरा भरा बनाकर पर्यावरण को साफ शुद्ध कर सकते हैं। हम पौधरोपण कर पर्याप्त बारिश व शुद्ध हवा पर्यावरण को संतुलित रख सकते हैं। वन महोत्सव के साथ ही बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने मैंगो डे मनाया। जिसमें शिक्षिकाओं ने बच्चों को फलों का राजा आम के बारे में रोचक जानकारी दी। बच्चे भी आम के विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि आम मीठा होने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य ने बताया कि यहां एक्टीविटी बेस्ड एजुकेशन, विद्यार्थियों को स्मार्ट बनाती है। साथ ही एबेक्स ट्रेनिंग भी बच्चों को मानसिक व दिमागी तौर पर तेज बनाती है। यहां शुक्रवार से रविवार शाम 5 बजे से 7 बजे तक इवनिंग क्लास लगाई जाती है। अतिरिक्त हावीज में गिटार केसियों, ताईक्वांडो 6 से 20 वर्ष के स्टुडेंट्स के लिए तथा एबेकस की 5 से 15 वर्ष के विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी जाती है। बचपन एंड अचीवर्स की मंगला चौक व गतौरी ब्रांच में बच्चों की पढ़ाई बेहतर ढंग से कराई जाती है।

## बिजनेस प्लस

### जारा खुशबू संसार में परफ्यूम, राशि रत्न महिला प्रसाधन की विशाल श्रृंखला

बिलासपुर। व्यापार विहार टाहा काम्पलेक्स के जारा खुशबू संसार में इन दिनों तरह-तरह के परफ्यूम उपलब्ध हैं। इसकी वेरायटी मनमोहक खुशबू लोगों को आकर्षित कर रही है। यहां उपलब्ध परफ्यूम की मांग जोरों पर है।




इसके संचालक ने बताया कि हमारे यहां परफ्यूम में अलहरमेन, राससी, नुसुक, जारा, बूलवर्ट, रिफ्स की मांग अधिक है। इसके अलावा महिला सौंदर्य प्रसाधन के साथ फ्रेंच, अरबी, इजिप्ट, मिडिल इस्ट के निर्माता परफ्यूम मौजूद है। साथ ही अल्कोहल फ्री डीमो, कस्टमाइज गिफ्ट व पैकिंग के सामान के साथ ही लूज इत्र के होल सेलर भी हैं। उन्होंने बताया कि इस शॉप में लोगों की पसंद के अनुरूप राशि रत्न भी बिक्री के लिए उपलब्ध है। यहां सभी तरह की राशियों के रत्न आसानी से मिल जाते हैं।

10- JULY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 7/11/2024 12:28 AM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## एजुकेशन अपडेट

### सीए इंटर के लिए आवेदन शुरू मार्च में आयोजित होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (आईसीएआई) ने सितंबर 2024 सत्र के लिए (सीए) इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म जारी कर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट- icai.org पर जाकर अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। सितंबर सत्र की परीक्षाओं का आयोजन 12 से लेकर 23 सितंबर तक किया जाएगा। सीए फाउंडेशन परीक्षा परिषद द्वारा अधिसूचित योजना में निहित पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवार का एक मई 2024 तक या उससे पहले फाउंडेशन कोर्स में पंजीकृत होना आवश्यक है। आवेदन करने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को आधिकारिक वेबसाइट eservices.icai.org पर जाना होगा। इसके बाद अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स की मदद से साइन-इन करके आवेदन भर सकते हैं।




#### जीपीएटी के परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में जारी

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस की ओर से ग्रेज्यूएट फार्मेसी एप्टिट्यूड टेस्ट रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। रिजल्ट पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही इस टेस्ट के लिए फाइनल आंसर-की भी जारी कर दी गई है। सभी उम्मीदवारों के स्कोर कार्ड पृथक से 14 जुलाई या इसके बाद डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इसके बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट **natboard.edu.in** जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों की जानकारी के लिए बता दें कि बोर्ड की ओर से प्रश्न पत्र में 3 प्रश्नों को छोड़ दिया गया है। इन प्रश्नों को टेक्निकल एरर के चलते ड्रॉप किया गया है। इन प्रश्नों के लिए सभी उम्मीदवारों को पूरे अंक प्रदान किए गए हैं।

# महाप्रभु जगन्नाथ, मां लक्ष्मी पर आधारित भजनों की प्रस्तुति

रेल्वे परिक्षेत्र स्थित श्री मौसी मां मंदिर में बुधवार को भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें विश्व शांति भजन ग्रुप भुवनेश्वर के कलाकारों ने महाप्रभु जगन्नाथ, मां लक्ष्मी पर आधारित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इसका उपस्थित लोगों ने देर रात तक आनंद लिया। डांस की भी प्रस्तुति दी गई। सुबह विशेष पूजा कर श्रद्धालु भक्तों ने विविध तरह के भोग भी लगाए।





**कलाकारों की उड़िया डांस ने मोहा मन, दर्शकों ने उठाया आनंद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री जगन्नाथ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि रथयात्रा के बाद महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी मां मंदिर पहुंच गए हैं। यहां उनके सम्मान में निरंतर कल्चरल प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत सत्संग, भक्तिमय हिंदी, उड़िया गीत-संगीत एवं नृत्य पेश किए जा रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को हुए आयोजन में भुवनेश्वर ओडिशा के कलाकारों ने भजन पेश किया। वाद्य यंत्रों के बीच पेश भजन संध्या से माहौल भक्तिमय बना रहा। गुरुवार 11 जुलाई को शाम 7 बजे से भजन कार्यक्रम रखा गया है। इसमें भी भुवनेश्वर से आए कलाकार अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर समिति के सदस्य एवं कला प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित थे।



### महाप्रभु को लगाए जा रहे विविध तरह के भोग

मौसी मां मंदिर में विराजित महाप्रभु जगन्नाथ की हर दिन विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु भक्त अपने घरों से भोग बनाकर भगवान को अर्पित कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाप्रभु के यहां रहते तक विविध तरह के पकवान उन्हें अर्पित किए जाते रहेंगे। मौसी के घर महाप्रभु बहुत खुश हैं। 15 जुलाई को महाप्रभु बहुड़ा यात्रा के साथ पुनः श्री मंदिर पहुंच जाएंगे।

### आज मनाई जाएगी हेरापंचमी

श्री मौसी मां मंदिर में गुरुवार 11 जुलाई को हेरा पंचमी मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी अपने दूतों को भेजकर रथ में तोड़ फोड़ कराएंगी। बताते हैं कि भगवान जगन्नाथ द्वारा अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को लेकर मौसी मां के यहां चले जाने से मां लक्ष्मी नाराज रहती हैं और रथ तुड़वा कर अपनी नाराजगी जाहिर करती हैं। वहीं 15 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के समय श्री मंदिर में महाप्रभु को मां लक्ष्मी नहीं घुसने देती है। इससे भगवान बहुत समय तक बाहर खड़े रहते हैं। अंत में रसगुल्ला खिलाने पर महाप्रभु को अंदर आने देती हैं। श्री जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि मां लक्ष्मी की इस भाव को मंदिर में दर्शाया भी जाता है। रात 10 बजे के बाद कुछ लोग दूत के वेश में जाकर अंधेरे में रथ को ठोक कर चके को घूमाते हैं। इस दृश्य को देखकर मां लक्ष्मी के इस भाव का सभी एहसास करते हैं, जो कि काफी आनंदमयी होती है।

## एग्जाम लाइव

### क्लैट के लिए आवेदन 15 से 2 दिसंबर को होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** लॉ क्षेत्र में ग्रेज्यूएशन एवं पोस्ट ग्रेज्यूएशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतिवर्ष कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया जाता है। सत्र-2025 में एडमिशन के लिए कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन तिथियां घोषित कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक, क्लैट 2025 के लिए एप्लिकेशन प्रॉसेस 15 जुलाई से शुरू हो जाएगी। 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ डिग्री एवं एक वर्षीय पीजी प्रोग्राम एलएलएम करने की चाह रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन शुरू होते ही ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट consortiumofnlus.ac.in पर जाकर भर सकते हैं।




#### एक शिफ्ट में होगी परीक्षा

आवेदन पत्र भरने के साथ निर्धारित शुल्क जमा करना आवश्यक है, तभी फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। जनरल एवं ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को शुल्क के रूप में 4000 रुपये और एससी/ एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को 3500 रुपये का भुगतान करना होगा। क्लैट 2025 एडमिशन टेस्ट का आयोजन 2 दिसंबर 2024 को एक शिफ्ट में करवाया जाएगा। परीक्षा की टाइमिंग दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक रहेगी। परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन माध्यम से किया जाएगा।

#### यह है पात्रता

5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी भी स्ट्रीम से 12वीं या इंटरमीडिएट न्यूनतम 45 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को पास प्रतिशत में 5 फीसदी अंकों की छूट दी गई है। इसके अलावा पीजी प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एलएलबी डिग्री 55 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त की हो। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों ने यह डिग्री 50 फीसदी अंकों के साथ हासिल की हो। क्लैट 2025 में आवेदन के लिए किसी भी प्रकार का आयु बंधन नहीं है।

## साइंस कॉलेज मैदान में चल रहा कामधेनु, लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व गौ कथा

# जीवन में दुख-सुख मिलता है अपने कर्मों से : अमर कृष्ण





बिलासपुर। वृंदावन भक्ति, अयोध्या त्याग, काशी मुक्ति एवं हरिद्वार ज्ञान की भूमि है। जीवन में दुख-सुख अपने कर्मो से मिलता है, इसलिए हमेशा अच्छा कर्म करना चाहिए।10 वर्ष तक के बच्चों द्वारा किए पाप का फल माता-पिता को भोगना पड़ता है, क्योंकि बच्चा हमारे संरक्षण में रहता है। इससे बचने बच्चों को बेहतर संस्कार दें एवं सही मार्ग में चलने की प्रेरणा दें।

ये बातें साइंस कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय गौ वंश सेवक संघ द्वारा आयोजित 108 कुण्डीय कामधेनु व लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं गौ भागवत कथा में कथावाचक पं. अमर कृष्ण शुक्ला ने उद्धव-विदुर संवाद पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि वृंदावन में उद्धव से विदुर मिले तो उद्धव ने उन्हें बताया कि ठाकुरजी जाते समय उन्हें याद कर रहे थे। इस पर विदुर को ग्लानी हुई कि यह उनका दुर्भाग्य है, परमात्मा से नहीं मिल पाया। उद्धव ने कहा कि जो ज्ञान उन्हें ठाकुरजी देने वाले थे वह मेरे पास सुरक्षित है, पर इसके लिए उन्हें हरिद्वार जाकर संत मैत्री से मिलना होगा। हरिद्वार ज्ञान की भूमि है। विदुरजी की मन में जिज्ञासा थी कि संसार में व्यक्ति को दुख क्यों मिलता है, हर व्यक्ति तो सुख चाहता है। संत मैत्री बोले उनका प्रारब्ध अद्भूत है। विदुर आप साधारण नहीं साक्षात यमराज के अवतार हैं। वे पहले यमराज थे, फिर विदुर बने हैं। जीवन में सुख-दुख अपने कर्मो से मिलता है। संसार का हर व्यक्ति अपने प्रारब्ध से जुड़ा है। लोग इस यज्ञ में आकर आहूति देकर यज्ञ शाला की परिक्रमा कर रहे हैं। कथा सुन रहे हैं, यह उनका प्रारब्ध ही है। कथा के अंत में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके लिए पूरे पंडाल को बैलून से सजाया गया था। यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभा बाजपेई सहित आयोजन समिति के अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

### प्रभु के प्रति व्यक्त करें कृतज्ञता

कथावाचक ने कहा कि इंसान संसार में सब कुछ प्राप्त कर लेने के बाद भी प्रभु का धन्यवाद नहीं करते हैं। जिंदगी में कुछ भी हासिल होने पर परमात्मा के प्रति कृतज्ञता अवश्य ज्ञापित करें। उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक दिन ब्रम्हाजी अपने शरीर के बीच से अलग किए तो मनु-शत्रुपा का जन्म हुआ। फिर दोनों का पाणिग्रहण संस्कार कराकर गृहस्थ में प्रवेश करने का आदेश दिया गया। शादी के बाद मनु की पांच संतानें हुई। इसमें तीन कन्याएं एवं दो पुत्र थे। भागवत में इनकी बीच की कन्या देवभूति की चरित्र का वर्णन मिलता है। इनका विवाह ब्रम्हाजी की छाया से उत्पन्न करदम ऋषि से हुआ। देवभूति की 9 कन्याएं एवं एक बालक हुआ। इनका नाम संसार में कपिल था। यह भगवान का पांचवां अवतार था। इन्होंने अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपनी बहनों का विवाह कराया। इसके बाद धीरे-धीरे सृष्टि का विस्तार होते गया।


### सुबह हो रहा यज्ञ, हवन

यज्ञ में सुबह साढ़े 8 से दोपहर 1 बजे तक प्रतिदिन यज्ञ, हवन एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक कथा का वाचन किया जा रहा है। यज्ञ में लोग यजमान के रूप में भाग लेकर आहुतियां देकर परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञ का समापन 13 जुलाई को है।



# बृज की जिन गोपियों ने दिया निमंत्रण, उन्हीं के घर माखन चोरी करने गए कन्हैया

**बिलासपुर।** टिकरापारा गुजराती समाज धर्मशाला में हो रही भागवत कथा का वर्णन करते हुए भागवत आचार्य देवेंद्र उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण की परम गंभीर महारास की लीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की रहस्य मयी लीला ही रासलीला है। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में सर्वप्रथम माखन चोरी लीला की। भगवान श्रीकृष्ण उन बृज गोपियों के ही घर गए, जिन्होंने भगवान को निमंत्रण दे कर बुलाया। सभी को अपनी लीला से आनंदित किया। इस भागवत कथा का आयोजन क्षीरेश्वर प्रसाद गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित किया गया। कथा विश्राम के समय ईश्वर प्रसाद गुप्ता आशुतोष गुप्ता प्रिया मनोज केसरवानी, रवि कविता गुप्ता एवं शरद गर्ग, रमेश सर्राफ आदि अनेक भक्त उपस्थित रहे। भागवत कथा का वर्णन करते हुए वृंदावन धाम से पधारे भागवत आचार्य देवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि रुक्मणी साक्षात लक्ष्मी थी और श्री कृष्ण साक्षात नारायण इसलिए रुक्मणी कृष्ण का विवाह हुआ। भगवान अक्रूर के साथ मथुरा गए और कंस के अनुयायियों सहित उसका वध किया। उज्जैन महर्षि सांदीपनि समस्त विधाओं को ग्रहण किया।



### देवऋषि नारद हुए प्रभावित

भगवान ने द्वारका में अनेकों लीलाएं की। एक बार देव ऋषि नारद भगवान का दर्शन करने आए और 16108 रूप देख प्रभावित हुए । भगवान श्री कृष्ण के ही गुरुकुल के मित्र थे सुदामा ब्राह्मणों में श्रेष्ठ ब्राह्मण थे पत्नी के कहने से द्वारकाधीश के दर्शन करने गए और भगवान ने प्रसन्न होकर के उनकी सारी दरिद्रता का हरण कर लिया अपनी द्वारका जैसा ही ऐश्वर्य प्रदान किया।

## एडमिशन अलर्ट

### आईआईटी से मास्टर्स के लिए परीक्षा अगले वर्ष फरवरी में

**बिलासपुर।** आईआईटी से मास्टर्स कोर्स करने के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए अपडेट जारी किया गया है। देश भर के विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में संचालित होने वाले विभिन्न विषयों में एमएससी, एमएससी , एमएससी, एमएससी-एमटेक ड्युअल डिग्री, ज्वाइंट एमएससी-पीएचडी, एमएससी-पीएचडी ड्युअल डिग्री कोर्सेस में अगले साल दाखिले के लिए आयोजित किए जाने वाले आईआईटी ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स 2025 के आयोजन की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। पंजीकरण के लिए पोर्टल पर विजिट करना होगा।




#### आईआईटी दिल्ली ले रहा परीक्षा

इस बार की परीक्षा का आयोजन कर रहे आईआईटी दिल्ली द्वारा जारी अपडेट के अनुसार, आईआईटी जैम 2025 का आयोजन 2 फरवरी (रविवार) को किया जाएगा। यह परीक्षा केमिस्ट्री, जियोलॉजी, मैथमेटिक्स, बॉयोटेक्नोलॉजी, इकनॉमिक्स, मैथेमेटिकल स्टैटिस्टिक्स और फिजिक्स सब्जेक्ट के पीजी व पीएचडी कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित की जाएगी। इसमें वे ही स्टूडेंट्स सम्मिलित हो सकेंगे, जो कि संबंधित विषय में स्नातक डिग्री या तो उत्तीर्ण कर चुके हैं या अंतिम वर्ष या सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं।



**स्पोर्ट्स न्यूज**

# क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर- 23 की टीम घोषित

**बिलासपुर।** क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा अंडर 23 का ट्रॉयल बुधवार को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में सुबह 8 बजे लिया गया। क्रिकेट संघ सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रॉयल के दौरान 36 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों का सर्वप्रथम फिटनेस क्षेत्ररक्षण, बल्लेबाजी और गेंदबाजी का ट्रायल लिया गया।

इसके बाद चयनकर्ता ओपी यादव, शुशांत शुक्ला, अभिषेक सिंह ने स्टेट ट्रॉयल के लिए खिलाड़ियों का चयन किया। सभी चयनित खिलाड़ी 12 जुलाई को शहीद वीर नारायण अंतर्राष्ट्रीय मैदान में स्टेट टीम के लिए ट्रायल देंगे, जिसके लिए खिलाड़ी 11 जुलाई को रायपुर के लिए रवाना होंगे। अंडर 23 ट्रायल के दौरान क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल, शेख़ अल्फाज, अभुदयकांत सिंह, महेश दत्त मिश्रा, अभिनव शर्मा, नंदगीरीश, सोनल वैष्णव, मोईन मिर्ज़ा उपस्थित थे।

### इन खिलाड़ियों का चयन

सूरज कुमार पाटले, जतिन केशरी, तनय अग्रवाल , समीर कौशिक, सार्थक पंडा,अदित्य सिंह, उमंग गांधे , प्रथम सिंह, जी आकाश सोनवानी, अनुज कुमार सिंह, आनंद पासवान, सुयश वस्त्रकार, रिषभ ध्रुव, जी श्रीकांत, शेख़ साहिल हुसैन, रोहित नेतानी, अभिजीत टाह, सन्नी पांडे, वासुदेव बरेठ, दीपक सिंह बघेल, अनुराग मिश्रा, मयंक यादव खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

## केन्द्रीय विद्यालय में चल रहा संभाग स्तरीय खेलकूद

# कबड्डी में रायपुर, बैकुंठपुर बने चैंपियन

इन दिनों केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। बुधवार को कबड्डी का सेमी फाइनल एवं फाइनल मुकाबले हुआ। इसमें रायपुर, बैकुंठपुर चैंपियन रहे।

अंडर 14 बालिका वर्ग में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 रायपुर प्रथम पाली चैंपियन बनी। अंडर 17 में केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर ने रोमांचक मुकाबले में रायपुर को हराकर शानदार जीत दर्ज की। वॉलीबाल में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर ने कवर्धा को हराकर विजयश्री हासिल की। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य लैला कुमारी ने बताया कि इस क्रीड़ा महोत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग के 13 विद्यालयों के 131 प्रतिभागियों एवं 25 अनुरक्षक शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी। केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशों के अनुरूप सभी क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजन पर उन्होंने सभी निर्णायकों, स्कोरर, संबंधित शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने निर्णायक की शानदार भूमिका निभाने वाले निर्णायकों, कबड्डी में हरवंश कस्तूरिया, जितेंद्र सराफ, तैराकी में सतीश सिंह, विनय सिंह, वॉलीबाल में रमेश बहादुर सिंह, राजेश्वर सिंह, स्कोरर नारायण द्विवेदी, क्रीड़ा प्रशिक्षक अविनाश यादव, मनीषा सिन्हा के प्रदर्शन की सराहना की।



### बताई गई खेल की बारीकियां

इस आयोजन के समन्वयक एवं विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक संतोष कुमार लाल ने प्रतिभागियों को खेल की बारीकियों एवं तकनीकी ज्ञान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेल हम सब में अनुशासन, एकजुटता, खिलाड़ी भावना व संकल्प शक्ति का गुण भरता है। जिससे हम जीवन के अन्य क्षेत्रों में लागू करते हुए प्रगतिशील बनकर सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

10-JULAY-REGNOL-pg- 4 COMAN_Layout 1 7/11/2024 12:15 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सेमरचुआ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**जरहागांव।** सर्वेश्वरी समूह साखा सेंदरी के तत्वाधान में गुरुवार को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक पंचायत भवन परिसर में एक दिवसीय शिविर आयोजित है। इस दौरान चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निशुल्क दवाई का वितरण किया जाएंगा। जिसमें सभी बीमारियों का विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएगी। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ नेत्र रोग विभाग द्वारा चश्मा प्रदान किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल पटेल ने दिया।

### एटीआर के डीएफओ को कर्मचारी कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा के द्वारा एटीआर के वन मंडलाधिकारी यूआर गणेश को वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण, ईपीएफ में रजिस्ट्रेशन कराने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह तक वेतन भुगतान व पूर्व में निकाले गए श्रमिकों को पुनः कार्य पर लिए जाने की मांगों से संबंधित अन्य मांग सामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों मेंप्रदीप दुबे, अश्वनी बंजारा, फिलिप तिर्की, निलध्वज नवरंग, राजेश शर्मा, राजू बैगा, महेश बैगा, राजेश बैगा, राधेश्याम, यदुनंदन, मनीराम व संगठन के सदस्य उपस्थित थें।

### 60 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया

**गौरेला।** जिला अस्पताल में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांगजन प्रमाणीकरण सह सहायक उपकरण वितरण शिविर में नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषार, ऑडियोलॉजिस्ट, फिजियोथैरिपिस्ट व नेत्र सहायक की उपस्थिति में दिव्यांगजनों के परीक्षण उपरांत प्रमाण पत्र बनाए गए व 29 दिव्यागजनों के पुनः परीक्षण हेतु बिलासपुर रिफर किया गया। शिविर में पूर्व में चयनित 60 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी प्रदाय किया गया।

### कलेक्टर से एलटी विद्युत तार के नवीनीकरण की मांग

**लोरमी।** मोहतराकुर्मी में जर्जर एलटी विद्युत तार के नवीनीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर विद्युत तार के कारण आए दिन तार टूट कर गिरने तथा अनहोनी की संभावना बनी रहती है। उक्त तार टूट कर गिरने से कुछ दिन पहले तीन मवेशी हादसे का शिकार हो गए। उक्त एलटीतार को 5 से 7 खंभा बदलने की आवश्यकता है।

### प्रतीक्षा बस स्टैण्ड की 22 दुकानें 8 वर्ष बाद नीलाम

**सरगांव ।** सन 2016-17 में निर्मित प्रतीक्षा बस स्टैंड की 22 दुकानें विभिन्न करणों से नीलाम नहीं हो पाई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू के द्वारा 22 दुकानों को निष्पक्ष रूप से नीलम कर दिया गया। पंचायत अध्यक्ष परमानंद ने बताया कि नीलाम किए गए दुकान से कुल राजस्व 2 करोड़ 9 लाख रुपए पंचायत को प्राप्त हुआ है। दो मंजिला इमारत के भूतल में प्रथम मंजिल में कुल 22 दुकान है।

## निधन

### शारदा प्रसाद गुप्ता



**बिलासपुर।** मटियारी सीपत निवासी शारदा प्रसाद गुप्ता (भोला सेठ) पिता स्व. दाऊ गणेश प्रसाद गुप्ता का 10 जुलाई निधन हो गया । वे 75 वर्ष के थे । उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे अशोक गुप्ता के भाई एवं अश्वनी गुप्ता, श्रीमती रजनी, कमल किशोर गुप्ता के पिता थे।

---

वार्ड 3 से शुरू हुआ डायरिया धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैल रहा

# विधायक अटल ने रतनपुर के डायरिया प्रभावित लोगों से की मुलाकात, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

रतनपुर में इन दिनों डायरिया का प्रकोप है। महामाया वार्ड तीन से शुरू हुआ डायरिया धीरे-धीरे रतनपुर के सभी क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है। आज कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच डायरिया पीड़ितों से मुलाकात की तथा उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने प्रभारी चिकित्सक से यहां फैले डायरिया की रोकथाम हेतु गहन चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ कहा : किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तत्काल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आएं

डायरिया फैलने का मुख्य कारण प्रदूषित पानी माना जा रहा है। वर्षों पुरानी जर्जर हो चुकी पाइप लाइन जो कि नालियों के बीच से गुजरी हुई है जिसमें कई लीकेज हो चुके है। इससे ही नगर में



अस्पताल में जानकारी लेते विधायक अटल श्रीवास्तव।

पानी की सप्लाई हो रही है। इस पर विधायक ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। पाइप लाइन को जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने तथा लाइन के सही होने तक टैंकर से पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करवाये जाने का भी उन्होंने दिशा निर्देश दिया।

क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित विधायक ने वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट और नल-जल योजना आदि की जानकारी भी ली। जिस पर जल्द से जल्द कार्य शुरू होने की बात मुख्य नगर पालिक अधिकारी द्वारा बताई गई है। अपने विधायक के इस संजीदगी भरे व्यवहार से क्षेत्र के लोग काफी खुश है। उनकी समस्याओं को सुनने के लिए पूर्व में भी उनके बीच आकर समस्या निवारण शिविर का आयोजन विधायक अटल द्वारा किया जा चुका है। प्रभारी चिकित्सक द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने के मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यवस्था करवाई तथा जिला कलेक्टर से भी बात कर जल्द से जल्द इस बीमारी की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। मितानिनों के माध्यम से नगर व वार्ड के लोगों को साफ सफाई व अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु अपील की और कहा कि किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तत्काल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आएं। उनके साथ नगर के कांग्रेसियों में प्रमुख रूप से शीतल जायसवाल, रियाज़ खोखर, राजा रवि रावत, सुभाष अग्रवाल, संतोष चिट्टू, दीना सावन, शिवा जगदीश आदि उपस्थित थे।



भूमि पूजन करते अंकित गौरहा।

# परसाही में बाउंड्रीवॉल व नाली निर्माण का गौरहा ने किया भूमिपूजन

**बिलासपुर।** जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने ग्राम पंचायत परसाही में 19 लाख की लागत से बनने वाले नाली, बाउंड्रीवॉल व कचरा शेड का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान परसाही सरपंच प्रतिनिधी ओमप्रकाश डोंगरे, दिनबंधु मेहर ने लोगों के साथ पूजा पाठ किया। साथ ही निर्माण कार्य को हरी झण्डी दिखाया। ग्रामीणों ने निर्माणाधीन मुक्तिधाम व 17 वर्ष पुरानी मांग स्वीकृत होने पर जिला पंचायत सभापति का आभार व्यक्त किया।

सभापति अंकित गौरहा ने बुधवार को बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम परसाही में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि परसाही शहर के निकट होने के बावजूद पंचायत में अभी बहुत से विकास कार्य बाकी हैं। पूर्व में मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय की मांग पूर्ण कर निर्माण कार्य करा दिया गया हैं और ग्रामवासियों ने नाली और बाउंड्रीवॉल मांग भी की थी की थी। जिसके निर्माण कार्य के लिए 19 लाख की स्वीकृती दे दी गई हैं और आज भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं। जल्द ही निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा व आगे भी मेरा यही प्रयास रहेगा की ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाओं में हो रही समस्या का निदान मैं कर पाऊं। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश डोंगरे, दिनबंधु मेहर, महेत्तरराम मेहर, राजेश बैनर्जी, घनश्याम सूर्यवंशी, रोहित सूर्यवंशी, रामदास पटेल, रूखमणी खरे, कुमुदनी यादव, गिरजा सूर्यवंशी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जर्जर स्कूल भवन में जाने से डरते हैं बच्चे शिक्षक, पंचायत भवन में लग रहीं कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

विद्यालय के पट खुलते ही स्कूली बच्चे खिलखिलाते, दौड़ते स्कूल की ओर भागते हैं, नए पुस्तक, कॉपी यूनिफार्म पाने की ललक लिए विद्यालय पहुंचते है। पर कुरानकापा का प्रथमिक शाला जहां भवन की स्थिति जर्जर होने से स्कूल बंद कर दिया गया है।

■ स्कूल भवन बना कबाड़खाना, बच्चे कैसे गढ़े जीनगी

कुरानकापा में स्कूल तो खोल दिया गया पर इसके लिए भवन नहीं है। यहां के बच्चे ग्राम पंचायत भवन में बैठकर पढ़ाई करने विवश हैं। 10 वर्षों से प्राथमिक शाला भवन जर्जर पड़ा हुआ है। बच्चों के भविष्य जहां गढ़ा जाता है, वहीं भवन भयावह हो गया है। वहां जाने से शिक्षक भी घबराते हैं। इस कारण पंचायत भवन में पांच कक्षाओं की पढ़ाई कराना उनकी मजबूरी है। ग्रामीणों व वार्ड पंच अन्नु चतुर्वेदी ने बताया कि शाला भवन जर्जर होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया है। संबंधित विभाग ने भवन की मरम्मत की ओर दस वर्षों में भी ध्यान नहीं दिया। भवन नहीं होने के कारण बच्चे स्कूल जाने में रूचि नहीं लेते। पहले यहां सौ से अधिक बच्चे पढ़ाई करने आते थे, पर अब आधे रह गए है। बच्चों को पंचायत भवन में बैठाया जाता है, जब भी पंचायत का कोई कार्य होता है बच्चों को छुट्टी देना पड़ता है।



### प्रस्ताव शासन को भेजा

उक्त स्कूल भवन की जायजा लेकर नवीन भवन हेतु प्रस्ताव शासन को भेज दी गई है। जैसे ही स्कूल भवन निर्माण कराने का एलाटमेंट होगा शीघ्र स्कूल भवन निर्माण कराई जाएगी।

-डॉ. प्रतिभा मंडलोई
खंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली

### पंचायत काम में परेशानी

प्रथामिक शाला कुरानकापा में वर्षों से स्कूल भवन जर्जर हो चुका है। जिनकी जानकारी शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर को दिया जा चुका है। स्कूल का संचालन पंचायत भवन में किया जा रहा है। जिनके चलते बच्चों को पढ़ाई तथा पंचायत कार्य में परेशानी होती है।

-शंकर यादव
सरपंच ग्राम पंचायत कुरानकापा



### पोंड़ीकला में सीसी रोड़ का किया गया भूमि पूजन

**तखतपुर।** सीसी रोड़ का भूमि पूजन जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने पोंड़ीकला में किया। ग्राम पोंड़ीकला में 4 लाख की लागत से सीसी रोड़ स्वीकृत हुआ है। जिसका आज भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य पाण्डेय ने कहा कि ग्रामीणों की मांग थी सार्वजनिक मंच से मुक्तिधाम तक सीसी रोड़ का निर्माण कराया जाए। और इसके लिए प्रयास कर स्वीकृत कराया गया है। और इसके लिए 4 लाख की स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर सुनील जांगड़े, योगेश पाण्डेय, राम जी, लीलाराम, ओंकार, पदुम, सुरेंद्र, रहस लाला, जगत पाल, दशरथ, महेंद्र, विनोद, देवा, सत्यानंद, नित्यानंद, अशोक पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

# सांप के डसने से दो लोगों की मौत, अस्पताल ले जाने की जगह करते रहे देसी इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों की सांप डसने से मौत का मामला सामने आया है। पहला मामला गौरेला के भस्कुरा गांव का है तो दूसरा मामला पेण्ड्रा के कुड़कई गांव का है। दोनों ही मामलों में चिकित्सकीय इलाज में देरी होने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ परिजन ने सांप को रस्सी से बांधकर रखा डिब्बे में

बरसात के दिनों में जमीन में सोने और उसके बाद जहरीले सांप के काटने का मामला लगातार सामने आते रहता हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कम पढ़े लिखे होने की वजह से इलाज में देरी से पीड़ित लोग काल के गाल में समा जाते है। जिले में आज दो मामलों में सांप के काटने से एक युवक और एक 16 साल की नाबालिग की मौत हो गई है। पहला मामला गौरेला के भस्कुरा गांव का है। जहां पर टिकराटोला निवासी विजय अगरिया कल रात घर में ख़ाना खाने के बाद पत्नी के साथ जमीन में सो गया। रात लगभग दो बजे के आसपास विजय को अहसास हुआ कि उसे किसी जहरीले सांप ने काट दिया है। विजय की पत्नी ने घर के और लोगों को भी मामले की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन विजय को अस्पताल ले जाना छोड़ गांव के वैधराज को घर बुला लाए पर समय के साथ विजय की हालत सुधरने के बजाए बिगड़ने लगी। जिसके बाद घर वालों ने लगभग 3 घण्टे देरी से विजय को जिला अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों के द्वारा विजय का इलाज भी शुरू हो गया। पर देरी से अस्पताल पहुंचने के चलते विजय की इलाज के दौरान मौत हो गई।





### पर्याप्त एंटीवेनम

जिला चिकत्सालय में पर्याप्त एंटीवेनम स्टॉक में उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सकती है। लोग अंधविश्वास से दूर रहे।

-नागेश्वर राव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### सर्प काटने पर इलाज ही बचाव है: द्वारिका

स्थानीय स्नैकमेन द्वारिका कोल का कहना है कि सांप के काटने पर जितने जल्दी पीड़ति को इलाज मिल जाए है तो पीड़ित व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। द्वारिका लंबे समय से रिहायशी इलाकों से सर्पों को पकड़ कर उनका रेस्क्यू कर जंगलों में छोड़ने का काम करते आ रहे है।

# मोहर्रम आपसी भाईचारे व सादगी से मनाए जाने का लिया गया निर्णय



**तखतपुर।** मोहर्रम आपसी भाईचारे व सादगी से मनाए जाने शांति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। मोहर्रम पर नगर में अच्छे सौहाद्रपूर्ण माहौल में परंपरागत रूप से मुहर्रम मनाया जाएगा। थाना तखतपुर में शांति समिति की बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । पुलिस प्रशासन की ओर से बीएस साहू सहायक उपनिरीक्षक व श्री मनहर द्वारा आयोजित बैठक में चर्चा की गई कि मोहर्रम पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कय्यूम अंसारी ने बताया कि मुस्लिम सराय में तकरीर की जाएगी। साथ ही अन्य वर्ग द्वारा मोहर्रम पर सवारी निकली जाएगी। इस अवसर पर मनजीत सिंह मुकीम अंसारी, व्यंकटेश बाला सिंह, अमित मन्दानी, बृजपाल सिंह हूरा टेकचंद कारड़ा दिलीप तोलानी संदीप करिहार, मुकीम अंसारी नट्टू जायसी, हनीफ मोहम्मद शेख जैनुल, नर्मदा धूरी राजेश सोनी अभिषेक सेमार व लक्ष्मी यादव नर्मदा धूरी, सुखदेव कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

# बच्चे अनुशासन में रहकर शिक्षा के साथ संस्कारों को भी ग्रहण करें : दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

आत्मानंद स्कूल में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य है।

बच्चे अनुशासन में रहकर शिक्षा के साथ संस्कारों को भी ग्रहण करें। विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब संरक्षक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि लक्ष्य को साधकर मन लगाकर अध्ययन करें तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या टी विजयलक्ष्मी ने कहा कि इस दुनिया में अगर जादू, चमत्कार और कोई हकीकत है तो एकमात्र शिक्षा है। जिसको ग्रहण करने से जीवन में विकास व खुशहाली लाई जा सकती है। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला प्रांगण में पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह ने किया। इस दौरान बालक संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास, संतोष सिंह, सरिता यादव, लोभेराम साहू, अनिता शुक्ला, ऋचा तिवारी, शारदा यादव, शशि वर्मा, बृजेन्द्र तिवारी, रेखा कश्यप, नवीन रजक, सौरभ निहाल, श्रेजल उइके निधि शर्मा सहित शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

■ आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन




# सावधानी से करें सोशल मीडिया का प्रयोग : प्रीति




**मस्तूरी।** सोशल मीडिया का उपयोग बहुत ही सावधानी पूर्वक करें। नए एप अथवा कोई गेम इन्स्टॉल करने से पूर्व उसकी प्रमाणिकता को जांच लें व अपने लोकेशन, फोटो, वीडियो या निजी जानकारियों के लिए बिना समझे अनुमति न दें। यदि हमारी निजी जानकारी हैकर्स के पास चली गई तो वे ब्लेकमेल कर पैसों की डिमान्ड कर सकते हैं। उक्त बातें चेतना अभियान के अंतर्गत युवा बच्चों व कन्याओं को समझाते हुए प्रीति ने कही। प्रीति ने साइबर अपराधों की गतिविधियों व उनसे बचने वाले उपायों से बच्चों को अवगत कराया। विशेष कर छात्राओं को मोबाइल के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतने की सीख दी। प्रीति ने बच्चों के मन को सशक्त करते हुए कहा कि मोबाइल के प्रयोग का समय निर्धारित करें। गेम खेलने में अपना समय न गंवाएं। गीत-संगीत का शौक रखें, लेकिन कोई भी नशा न करें। मंजू दीदी के नेतृत्व में मस्तूरी स्थित शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, शासकीय कन्या शासकीय माध्यमिक व आत्मानंद स्कूल में साइबर एवं यातायात की पाठशाला व नवीन कानून के विषय पर चेतना अभियान चलाया गया।

# दुकान के पास खड़े युवक के साथ आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए की मारपीट

**तखतपुर।** दुकान के पास खड़े युवक के साथ आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने डीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार मोछ निवासी प्रार्थी खिलावन कश्यप ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 जुलाई की रात्रि में वह तखतपुर आया हुआ था और रात 9 बजे सिलतरा जाने के लिए मण्डी चौक के पास खड़ा हुआ था तभी आरोपी रंजीत कश्यप अपने दोस्तों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने डीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### शराब लेने गए युवक की अज्ञात चोर ने बाइक की पार

**तखतपुर।** शराब लेने गए युवक की अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार कोदवाबानी थाना लालपुर निवासी आकाश सिंह ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा भतिजा सूर्यदेव सिंह शराब खरीदने के लिए शराब भट्ठी गया हुआ था और जब वापस आया तो देखा कि बाइक क्रमांक 28 _ 9712 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### बस चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार को मारी टक्कर

तखतपुर। बस चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया। पुलिस के अनुसार पकरिया रोड़ तखतपुर निवासी रवि सिंह क्षत्री ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 जुलाई की दोपहर 2 बजे कार क्रमांक सीजी 10 बीई 1194 से तहसील की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रही बस सीजी 10 जी 1059 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लेखा वर्मा उम्र 77 वर्ष, पति बुधराम वर्मा निवासी वार्ड नं. 18 शिव मंदिर पारा चरौंदा धरसींवा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की निवासिनी हूं जिसके नाम व स्वामित्व की कृषि / परिवर्तित भूमि मौजा मोपका, प.ह.नं.-19/22 रा.नि.मं. मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 1053/239 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि है जिसे वह घरेलू कार्य की रकम की आवश्यकता होने पर उक्त भूमि को सुनील कुमार खरें उम्र 40 वर्ष पिता स्व. गुहाराम खरें निवासी- एन.टी.पी.सी. सीपत, तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के पास कुल राशि 9,00,000/- ( नौ लाख रूपये) मात्र में बिक्री करने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना के रूप में 21,000/- ( इक्कीस हजार रूपये) दिनांक 07/06/2024 को दो गवाहों के समक्ष प्राप्त कर चुकी है तथा शेष रकम पंजीयन के समय क्रेता से प्राप्त करेगी। उक्त सौदे से किसी भी संस्था, निकाय, बैंक, व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर 05 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें
दिनांक:-10/07/ 2024
बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
डी.आर. साण्डे
अधिवक्ता
मो.नं.- 9826458990, 7999305720
पता- सांई नगर वार्ड नंबर- 03, सतनाम नगर अमेरी बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम खमतराई सिद्धि विहार प.ह.न 25 तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 787/14 रकबा 0.025 वर्गफूट भूमि स्वामी श्री रामधनी राम भगत पिता श्री चिम्बाराम भगत उम्र 58 वर्ष ग्राम निवासी खमतराई तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि को भूमि स्वामी के द्वारा विक्रय किया जा रहा है। जिसे मेरे आसामीगण सुनील कुमार ध्रुव पिता रामायण ध्रुव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खमतराई बैमा नगोई तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं सुशीला ध्रुव पिता रामायण ध्रुव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम खमतराई बैमा नगोई तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि दी गई है तथा निकट भविष्य में शीघ्र ही पंजीयन पत्र मेरे आसामीगण के पक्ष में निष्पादित होना है।

अत: उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक निकाय शासकीय / अर्धशासकीय संस्था आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी और मेरे आसामीगण उक्त भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। सो जाने सूचना
दिनांक-10.07.2024
भवदीय
नीलेश कुमार जायसवाल, अधिवक्ता
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
निवास एवं कार्यालय
जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर
रुम नं 06 जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो नं - 9691961007

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी जरहागांव**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र...../ब-121/2023-24
ग्राम-सोल्हा बेल्हा प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम सोल्हा बेल्हा वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनहरण लाल टुण्डे पिता/पति बृजलाल टुण्डे जाति सतनामी निवासी ग्राम सोल्हा बेल्हा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने माँ सुमित्रा टुण्डे के मृत्यु दिनांक 15.11.1991 को ग्राम पंचायत सोल्हा बेल्हा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 18.07.2024 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं.मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 80/2 एवं 31/4 रकबा क्रमशः 0.1420 एवं 0.6150 हेक्टेयर कुल 0.7570 हेक्टेयर को श्रवण डोंगरे पिता शिवप्रसाद डोंगरे निवासी मकान नं. 123 वार्ड नं. 14 किरारी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. से उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित करायेगा।

अत: किसी भी व्यक्ति संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के लिखीत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभावशुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 10/7/2024
ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास
बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 8319433844, 9111092229

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 11.06.2024

श्री आशीष आत्मज श्री गौचन्द उम्र-23 वर्ष निवासी ग्राम कोहरौदा पोस्ट बरतोरी थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी सोनकली आत्मजा स्व. सुखीराम (श्रीमती मनकी बाई) उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कोहरौदा पोस्ट बरतोरी थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 18.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


आशीष



सोनकली

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 13.06.2024

श्री बलराम कुमार आत्मज स्व. गणेश एवं माता स्व.पूर्णिमा देवी (चाचा श्री फूल साय गौतम) उम्र-28 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट बैमा तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी अनामिका आत्मजा श्री रामेश्वर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव पोस्ट नरगोड़ा थाना व तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 15.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


बलराम कुमार


अनामिका

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)



# रोहित शेट्टी ने साझा की जैकी श्रॉफ के साथ प्यारी तस्वीर...

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी एक बार फिर अपनी लोकप्रिय सिंघम फ्रेंचाइजी के साथ वापस आ रहे हैं। अजय देवगन सहित कई बड़े सितारों वाली ये फिल्म इस साल दिवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रोहित शेट्टी ने 10 जुलाई को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में वह दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ नजर आ रहे हैं। वह काला चश्मा लगाए और काली शर्ट पहने अभिनेता के पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। इस दौरान रोहित ने जेब में वॉकी टॉकी भी रखा हुआ है। वहीं, जैकी श्रॉफ डेनिम जैकेट में काला चश्मा लगाए काफी स्टाइलिश लग रहे हैं।

लाइफStyle



# कैटरीना
## जर्मनी की वादियों का ले रही हैं आनंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर बॉलीवुड कलाकार कैटरीना कैफ और विक्की कौशल हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय कपल हैं। फैंस इन दोनों पति-पत्नी की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं। दोनों अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

कैटरीना आखिरी बार पर्दे पर जनवरी 2024 में रिलीज हुई फिल्म मेरी क्रिसमस में साउथ के मशहूर अभिनेता विजय सेतुपति के साथ नजर आई थीं। इसके बाद से ही वह पर्दे पर नजर नहीं आई है। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर भी बहुत ज्यादा सकिय नहीं रही हैं। हालांकि, 10 जुलाई को उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिस पर फैंस काफी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। उनके द्वारा पोस्ट किए गए इस तस्वीर में वह पहाड़, खुला आसमान और प्रकृति की हरियाली से भरी सुदंरता के बीच खड़ी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वह इस तस्वीर में बिना किसी मेकअप के धारीदार शर्ट और खुले बालों में नजर आ रही हैं। वह इस वक्त जर्मनी के म्यूनिख में हैं। उन्होंने इस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा, 'गुड मॉर्निंग।' अभिनेत्री द्वारा पोस्ट साझा करते हुए उनके फैंस ने इस तस्वीर पर प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी। उनके इस पोस्ट पर फैंस काफी प्यार बरसा रहे हैं। ऐसे में कटरीना के पति विक्की भी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने इस तस्वीर पर एक प्यारा कमेंट किया है। उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कई दिल वाले इमोजी कमेंट किया।

हॉलीवुड मसाला



# 'अगाथा ऑल...' का टीजर जारी

**नई दिल्ली।** डिज्नी की सीरीज 'अगाथा ऑल अलोंग' का टीजर ट्रेलर जारी हो गया है। कैथरीन इसमें अहम भूमिका में हैं। वह अगाथा की भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज के पहले दो एपिसोड इस साल सितंबर में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होंगे। यह इस साल की मार्वल टेलीविजन की बहु प्रतीक्षित सीरीज है। मार्वल ने इसका टीजर और ट्रेलर आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है, जो काफी रोमांचक है। टीजर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि 'अगाथा ऑल अलोंग' हॉरर सीरीज है और हॉरर सीरीज में जो चीजें होनी चाहिए।





# बिक गई लाल सिंह चड्ढा की ओरिजिनल बनाने वाली कंपनी

**लॉस एंजिलिस।** डेविड एलिसन की अमेरिकी प्रोडक्शन स्काईडांस मीडिया ने पैरामाउंट ग्लोबल का अधिग्रहण कर लिया है। स्काईडांस रविवार को इसका ऐलान किया और बताया कि इसके लिए वे करीब 8 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। कंपनी को रविवार को पैरामाउंट के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पूरे बोर्ड ने दो-चरणीय लेन-देन की योजना को मंजूरी दी। स्काईडांस का 15 वर्षों का इतिहास है। वह मिशनः इम्पॉसिबल, ट्रांसफॉर्मर्स और टॉप गन सहित कई चर्चित फ्रेंचाइजी में पैरामाउंट के साथ साझेदार के रूप में जुड़ी रही है। स्काईडांस और पैरामाउंट ग्लोबल कई चर्चित फिल्मी प्रोजेक्ट में वित्तीय साझेदार रही हैं। पैरामाउंट ग्लोबल का आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से भी कनेक्शन है। दरअसल, 'लाल सिंह चड्ढा' जिस अमेरिकी फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' पर बनी है, उस फिल्म को पैरामाउंट ने ही बनाया है।



# प्रकृति के करीब रहने के बताए फायदे

**मुंबई।** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जिंदगी के सबसे खूबसूरत पड़ाव पर हैं। वे गर्भवती हैं। इन दिनों वे अपना खूब ख्याल रख रही हैं और अपने साथ क्वालिटी समय बिता रही हैं। दीपिका पादुकोण इस दौरान अपने शौक पूरे करने के साथ-साथ प्रकृति के करीब भी सुकून के पल बिता रही हैं। उन्होंने एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ उन्होंने लोगों को प्रकृति के बीच रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। साथ ही धूम्रपान करने वालों के लिए भी एक नसीहत दी है। तस्वीर में बादल, फूल और हरियाली का खूबसूरत नजारा कैद है। इसके साथ दीपिका ने लंबा नोट लिखा है। दीपिका ने लिखा है, 'यह सेल्फ केयर का महीना है! लेकिन, अगर आप हर दिन सेल्फ केयर की छोटी-छोटी कोशिशें करते हैं तो सिर्फ सेल्फ केयर के नाम पर एक महीना ही क्यों मनाएं?'



# 'कल्कि एडी' का मजाक उड़ाना पड़ा भारी

**नई दिल्ली।** नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन अभिनीत इस फिल्म को देश समेत दुनियाभर के दर्शकों का प्यार मिल रहा है। वहीं, टीवी के भीष्म यानी कि मुकेश खन्ना ने फिल्म को लेकर एक बयान दिया था, जिसके बाद उनकी कड़ी आलोचना होने लगी थी। अब उन्होंने अपने बयान पर सफाई दी है। मुकेश को 'कल्कि 2898 एडी' की समीक्षा में यह कहने के बाद कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा कि यह फिल्म 'पश्चिम के बुद्धिमान लोगों' के लिए बनाई गई है और ओडिशा और बिहार के लोग इसे नहीं समझ पाएंगे। हालांकि, अब उन्होंने अपना बयान स्पष्ट करते हुए कहा है कि उनका ओडिशा और बिहार के लोगों को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था।

टीवी मसाला

# जुलाई के आखिरी हफ्ते में शुरू होगा 'खतरों के खिलाड़ी 14'

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी टीवी की दुनिया के सबसे पसंदीदा शो में से एक है। इस शो में कंटेस्टेंट को खतरनाक स्टंट परफॉर्म करते देखा जाता है। अब इस शो का अगला सीजन भी जल्द शुरू होने वाला है। रोहित शेट्टी के शो का सीजन 14 को दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। खतरों के खिलाड़ी का पहला सीजन 2008 में आया था। इस शो के रोहित शेट्टी से पहले अक्षय कुमाप, प्रियंका चोपड़ा और अर्जुन कपूर होस्ट कर सकते हैं। फिल्मी बीट की रिपोर्ट के मुताबिक, खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 जुलाई के आखिरी हफ्ते में ऑन एयर हो सकता है। इस शो को आप कलर्स टीवी और जियो सिनेमा पर देख सकते हैं। बता दें, शो का शूट पूरा हो चुका है। इस बार शो रोमानिया में शूट किया गया है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 में बिग बॉस सीजन 16 के शालीन भनोट, निमृत कौर, बिग बॉस सीजन 17 के अभिषेक कुमार, बिग बॉस सीजन 11 की शिल्पा शिंदे, बिग बॉस सीजन 13 के आसिम रियाज, गश्मीर महाजनी, करण वीर मेहरा, आशीष मल्होत्रा, सुमोना चक्रवर्ती, अदिति शर्मा, नियति फतनानी और टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ नजर आएंगी।



# बिग बॉस के घर में डीप नेक कपड़े नहीं पहनेंगी कृतिका!

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 में विशाल, कृतिका और अरमान का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब यूट्यूबर कृतिका मलिक विशाल पांडे से दूरी बनाती हुई दिख रही हैं। हाल ही में अरमान की पहली पत्नी पायल ने विशाल पर आरोप लगाया था कि उसने कृतिका के खिलाफ अनुचित टिप्पणी की है। अब कृतिका ने खुलासा किया है कि उन्होंने विशाल की वजह से घर में लो नेकलाइन के कपड़े पहनने से परहेज कर रही हैं। उन्होंने अपने लो नेकलाइन आउटफिट को अलग रख दिया और घर के अंदर उन्हें नहीं पहनेंगी। वहीं , विशाल के बारे में बात करते हुए कृतिका ने कहा, 'जब तू इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर आकर उसके कान में बोल सकता है, तो तू बाहर कैसा इंसान होगा? तू एक भाई, बहन, एक दोस्त के रिश्ते को खराब कर रहा है भाई।



# 'सरफिरा' की एडवांस बुकिंग में हालत खराब, 'इंडियन 2' की तगड़ी कमाई

**मुंबई।** बड़े मियां छोटे मियां के फ्लॉप होने के बाद अब अक्षय कुमार इस साल की अपनी अगली फिल्म थिएटर्स में लाने के लिए तैयार है। उनकी एडवेंचर फिल्म 'सरफिरा' 12 जुलाई को पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म की रिलीज से पहले उसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। लेकिन फिल्म कुछ खास कमाती नजर नहीं आ रही है। रिपोर्ट पर नजर डालें तो 'सरफिरा' ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग के लिए अब तक 7 लाख रुपए से ज्यादा कमाए हैं। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ने अब तक 3, 939 टिकट बेचे हैं और इसी के साथ कुल 7.23 लाख रुपए का कारोबार किया है। 'सरफिरा' में अक्षय कुमार के साथ राधिका मदान बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आएंगी। फिल्म का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' के साथ होने वाला है। कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रही है और अब ये 12 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार है।





# वकील का किरदार निभा कोर्ट रूम में की दमदार बहस, वर्षों बाद भी लोगों को याद है डायलॉग


**नई दिल्ली।** न्यायपालिका का सबसे अहम भाग हैं वकील। वकील ही हैं जो कोर्ट रूम में बहस करके बेगुनाहों को सजा से बचाते हैं और वकील ही हैं जो अपराधियों को सजा दिलाते हैं। बॉलीवुड ने अपनी कई फिल्मों के माध्यम से वकीलों की जिंदगी और उनकी कार्यप्रणाली को दर्शाया है। हिंदी सिनेमा ने शुरू से ही वकीलों के मजबूत किरदार फिल्मों में गढ़े हैं। आज हम उन सितारों की बात करेंगे जिन्होंने फिल्मों में वकील की भूमिका निभाई है।



**रानी मुखर्जी :** अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फिल्म 'वीर-जारा' में एडवोकेट सामिया सिद्दीकी का रोल निभाया है। अभिनेत्री के किरदार को इस फिल्म में काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



**अमिताभ बच्चन :** साल 2016 में आई फिल्म 'पिंक' में अमिताभ बच्चन ने वकील की दमदार भूमिका निभाई है। फिल्म में उन्होंने 'एडवोकेट दीपक' का किरदार निभाया है। इस फिल्म में वह अन्याय के खिलाफ लड़ते हुए दिखाई दिए हैं। हमेशा की तरह अपने अभिनय के लिए उन्हें खूब सराहना मिली।



**करीना कपूर खान :** बॉलीवुड की 'बेबो'यानी करीना कपूर खान भी वकील की भूमिका निभा चुकी हैं। फिल्म 'ऐतराज' में वह अपने पति को बचाने के लिए वकील बनी थीं। फिल्म में करीना ने जोरदार बहस की थी और अपने पति को गलत इल्जाम से बचा लिया था।



**सनी देओल :** सनी देओल की फिल्म 'दामिनी'तो याद ही होगी आप सबको, इस फिल्म में वकील की भूमिका में सनी देओल ने धमाल मचा दिया था। कोर्ट रूम में बोला गया सनी देओल का डायलॉग आज भी लोगों को याद है। सनी देओल के प्रशंसक इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर छह महीने से हैं सूखे के हालात
## बारिश की फुहार बनकर आई है 'कल्कि 2898 एडी'

*मुंबई। पिछले छह महीने से बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस पर सूखे वाले हालात हैं। इस सूखे में 'कल्कि 2898 एडी' बारिश की फुहार सी बनकर आई है। यूं तो मूल रूप से यह बॉलीवुड की फिल्म नहीं है। लेकिन, इसमें बॉलीवुड के बड़े सितारे जरूर हैं। पैन इंडिया स्तर पर रिलीज हुई इस फिल्म का हिंदी वर्जन ठीकठाक है। हालांकि, हिंदी पट्टी में भी यह फिल्म जैसा प्रदर्शन कर रही है, क्रिटिक्स उसे भी संतोषजनक नहीं मानते है और उनके मुताबिक इसकी अपनी वजह हैं। ता वर्ष 2023 बॉलीवुड के लिए काफी शानदार रहा। पहले ही महीने में शाहरुख खान की 'पठान' के साथ जबर्दस्त बोहनी हुई और फिर यह सिलसिला चला तो चलता ही गया। आखिरी महीने में रणबीर कपूर की 'एनिमल' तक बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ बरकरार रही। लेकिन, तुलनात्मक रूप से देखें तो यह साल कुछ नीरस सा है। 2024 के छह महीने ऐसे ही बीत गए और सातवां महीना भी बस बीत ही रहा है। कोई ऐसी फिल्म नहीं आई, जिसने धमाका किया हो। हालांकि, बॉलीवुड में अब तक रिलीज हुई फिल्मों में 'कल्कि 2898 एडी' का हिंदी वर्जन ही कुछ ठीकठाक जाता दिख रहा है। कुछ क्रिटिक्स का मानना है कि निर्माताओं की प्रमोशन रणनीति बेहतर होती तो हिंदी पट्टी में फिल्म और कमाल कर सकती थी।*

*ट्रेड विशेषज्ञों का कहना है कि बीते छह माह बॉलीवुड के लिए काफी बुरे रहे हैं। ऐसे में 'कल्कि' के हिंदी डब वर्जन ने लाज बचाई है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण*



*अभिनीत इस फिल्म के हिंदी डब वर्जन से हिंदी पट्टी में 300 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की उम्मीद है। कुल मिलाकर, तेलुगु, तमिल और मलयालम में भी फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड कुल 900 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। बता दें कि 'कल्कि 2898 एडी' मुख्य रूप से तेलुगु फिल्म है। हालांकि, क्रिटिक्स का ये भी मानना है कि अगर निर्माताओं ने प्रमोशन रणनीति ठीक बनाई होती तो हिंदी पट्टी में 'कल्कि' और बेहतर कर सकती थी।*

*इस साल रिलीज हुईं बॉलीवुड की अन्य फिल्मों का हाल काफी निराशाजनकर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक अजय देवगन की 'मैदान' करीब 235 करोड़ रुपए में बनाई गई, लेकिन इसने भारत में सिर्फ 63 करोड़ रुपए कमाए हैं। वहीं, 'बड़े मियां छोटे मियां' को 350 करोड़ रुपए में बनाया गया, लेकिन यह सिर्फ 110 करोड़ का ही कारोबार कर पाई। करीब 55 करोड़ रुपए के बजट में बनी 'योद्धा' भी कमाई में 42 करोड़ रुपए पर सिमट कर रह गई। हालांकि, अजय देवगन और आर माधवन की 'शैतान' ने जरूर 147 करोड़ रुपए की कमाई के साथ कुछ बेहतर किया। इसी तरह राजकुमार राव की 'श्रीकांत' ने भी 47 करोड़ रुपए कमाए।*

*बॉक्स ऑफिस पर इस साल रिलीज हुईं मेगा बजट फिल्में 'बड़े मियां छोटे मियां', 'योद्धा' और 'मैदान' जैसी फिल्में असफल रही हैं। ऐसे में इंडस्ट्री के ट्रेड विशेषज्ञ मानते हैं 'कल्कि 2898 एडी' के हिंदी संस्करण की सफलता को इस साल इंडस्ट्री में अंधेरे में एक रोशनी की किरण मान रहे हैं। इंडस्ट्री के छह महीने के रिपोर्ट कार्ड के अनुसार हिंदी सिनेमा एग्जिबिशन सेक्टर का कारोबार 20-30 प्रतिशत कम हुआ है।*

# 'अल्फा' के सेट पर स्पॉट हुईं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब अभिनेत्री को फिल्म के सेट पर स्पॉट किया गया है। सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री कड़ी सुरक्षा वाले सेट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री ने सफेद और नीले रंग की ड्रेस पहन रखी है। हालांकि, तस्वीर में अभिनेत्री का जो लुक दिख रहा है वह उनकी फिल्म का नहीं है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म 'अल्फा'में आलिया मुख्य भूमिका निभा रही हैं। आलिया भट्ट को पहली महिला प्रधान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म में मुख्य भूमिका में कास्ट किया गया है। वह इस फिल्म में एक सुपर एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। इसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। शिव रवैल ने इससे पहले नेटफ्लिक्स की सीरीज 'द रेलवे मेन'का निर्देशन किया था, जो भोपाल गैस त्रासदी की घटनाओं से प्रेरित थी।



**खबर संक्षेप**

### एक्सप्रेस ट्रेनों में अक्टूबर से लगेंगे 4 अनारक्षित कोच

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाले सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में 4 अतिरिक्त जनरल कोच लगाने का निर्णय रेलवे ने लिया है। यात्रियों को ये सुविधा अक्टूबर से मिलेगी। दपूमरे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि रेलवे प्रशासन द्वारा जनरल कोच के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित कोच बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली लंबी दूरी की सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में आगामी अक्टूबर माह से 4 जनरल कोच लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली सभी गाड़ियों के जनरल कोच की संख्या में इजाफा करते हुए अक्टूबर से 4 जनरल कोच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों को आने जाने में काफी सुविधा मिलेगी । ट्रेनों में जनरल कोचों की संख्या बढ़ने से द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी राहत मिलेगी। साथ ही जनरल कोचों में बढ़ रहा अत्यधिक यात्री दबाव भी काफी कम होगा। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जनरल कोच लगने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्री सुगम एवं आरामदायक यात्रा का सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली इन ट्रेनों में 4 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । यात्रियों को यह सुविधा अक्टूबर व नवंबर से मिलेगी।

### नाबालिग को भगाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अपने घर में रखकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना टीआई हरिश टाण्डेकर ने बताया, क्षेत्र के रहने वाले एक ग्रामीण ने चौकी में रिपोर्ट लिखाई। 12 जून 2024 को उनकी नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर केंदा औराझेरी निवासी देवकुमार उर्फ देवा उरांव पिता लेखलाल उरांव 26 साल घर से भगाकर ले गया है। युवक उनकी नाबालिग बेटी को अपने घर में रखकर शारीरिक संबंध बना रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर देवकुमार उर्फ देवा उरांव को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का बयान लेने के बाद धारा 363, 366 क, 376, 64, 2 ड, 6 पाक्सो एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### टोनही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

**बिलासपुर।** टोनही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट करने वाले मां व दो बेटों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया कि घुरू क्षेत्र की रहने वाली एक महिला अपने घर में समय समय पर पूजापाठ कराती रहती है। बुधवार को उनके पड़ोसी रानू पाठक व उनके दो बेटों ने उन पर आरोप लगाया उनके पूजा पाठ कराने से उनके घर के सदस्य बीमार हो रहे हैं। महिला पर जादू टोना कराने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट कर दी गई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर रानू पाठक व उनके दो बेटों के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 296, 351 व 3, 5 टोनही अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रोड स्ट्रक्चर बनाने में लापरवाही, इस वर्ष 6 महीने में ही 671 हादसे, 180 की गई जान, सुरक्षा में बरत रहे लापरवाही


# 50 लोगों की जान लेने वाले 5 ब्लैक स्पॉट, वहां सिर्फ स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में पांच स्थान ऐसे हैं, जहां पिछले तीन वर्ष के भीतर 50 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। ऐसे में अब इन स्थानों को चिन्हांकित कर यातायात पुलिस ने इन्हें ब्लैक स्पॉट घोषित कर दिया है, लेकिन यहां दोबार हादसा न हो, इसकी रोकथाम के नाम पर केवल सड़क के आसपास स्टॉपर ही लगा है। न तो यहां कोई यातायात जवानों की तैनाती हुई, न ही इन ब्लैक स्पॉट में कोई सुधार कार्य हुए।

इधर वर्ष 2024 की शुरूवाती 6 माह में यानी जनवरी से जून तक जिले के 17 थानों में सड़क दुर्घटनाओं की 671 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें 180 लोगों की जान गई है। वहीं 648 लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद यातायात पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कोई उचित कदम नहीं उठा रही है। पुलिस ने ब्लैक स्पॉट के नाम पर जिन जगहों का चयन किया है, वहां पेट्रोलिंग पार्टी को भी नहीं भेजा जा रहा है। पुलिस की मानें तो इन ब्लैक स्पॉट में दुर्घटनाओं का मुख्य कारण रोड स्ट्रक्चर खराब होना है। कहीं सड़क में अचानक मोड़ तो कहीं गांव का रास्ता खुलता है, जिसके कारण यहां अधिक से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें लोगों घायल होने के साथ ही दम तक तोड़ रहे हैं।



### इन 5 जगहों को माना ब्लैक स्पॉट

ट्रैफिक इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडेय ने बताया कि जिन जगह जहां 500 मीटर के दायरे में 3 साल के भीतर 5 से अधिक हादसे होते हैं, जहां 10 से अधिक लोगों की मौत होती है उसे ब्लैक स्पॉट घोषित किया जाता है। 2024 के लिए ऐसे में 5 जगहों को चिन्हांकित किया है। इसमें सेंदरी मोड़ थाना कोनी, रानीगांव-मदनपुर मोड़ थाना रतनपुर, मटीयारी थाना सीपत,मस्तूरी बायपास तिराहा और गमजूर मोड़ थाना तखतपुर को ब्लैक स्पॉट घोषित किया गया है।

### दुर्घटना रोकने चल रहा काम

जिले के 5 जगहा जहां सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, उन्हें चिन्हांकित कर वहां दुर्घटना रोकने के लिए काम किया जा रहा है। ताकि यहां हादसे में किसी की जान न जाए। इसके लिए अफसरों की टीम बनाई गई है। जो नियमित निरीक्षण कर वहां की खामियों को दूर कर रहे हैं।

**- नीरज चंद्राकर** एएसपी यातायात बिलासपुर

### सड़क पर अंधेरा एनएचआई को पत्र

ट्राफिक पुलिस अब इन ब्लैक स्पॉटों पर सुरक्षा के तहत केवल बेरिकेड लगा दिए हैं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडेय ने बताया कि मस्तूरी मोड़ पर हादसे होने का सबसे बड़ा कारण अंधेरा है। यहां रात में लाइट नहीं होने के कारण वाहन आपस में टकरा रहे हैं। इसके लिए एनएचआई के अफसरों को पत्र लिखा है। वहीं सेंदरी सहित अन्य ब्लैक स्पॉट में बेरिकेट लगाने के साथ ही जिक जैक बनाया जा रहा है।

## कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

लेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने बुधवार को अधिकारियों के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट और व्यस्ततम चौक-चौराहों का निरीक्षण किया। इसकी शुरूआत सेंदरी चौक से की। कलेक्टर ने यहां रम्बल स्ट्रीट और कैट-आई लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एनएचएआई को सड़क से मवेशी हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद सकरी-पेण्ड्रीडीह बायपास का जायजा लिया। यहां की सड़क में गड्ढों को भरने के निर्देश दिए गए। डिवाइडर एवं ग्रिल की साफ-सफाई करने कहा। कलेक्टर ने यहां सूचनात्मक बोर्ड लगाने कहा, जिससे यात्रियों को भटकना न पड़े। हाईकोर्ट से लेकर नेहरू चौक तक डिवाईडर की साफ-सफाई, पौधों की छंटाई, सड़क की दोनों और साफ-सफाई करवाने के निर्देश नगर निगम को दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्ट्रीट लाईट हमेशा चालू स्थिति में होने चाहिए। इसके बाद कलेक्टर-एसपी ने शहर के व्यस्ततम महाराणा प्रताप चौक का जायजा लिया। यहां लेफ्ट टर्न क्लियर करने के निर्देश दिए। चौक के बाएं ओर के सिग्नल को थोड़ा पीछे शिफ्ट करने कहा। ट्रैफिक में व्यवधान बन रहे टीन शेड को हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने यहां गड्ढों को ठीक करने कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम आरए कुरूवंशी, एडीशनल एसपी ट्रैफिक नीरज चंद्राकर, डीएसपी संजय साहू, नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर खजांची कुमार सहित पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



महाराणा प्रताप चौक पर निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

### डीआरएम व जीएम कार्यालय में भारी में सुरक्षा बल तैनात, लाठी उठाते ही भागे युवा

# अप्रेंटिसशिप करने आए प्रशिक्षु की करंट से मौत 30 घंटे रखा रहा शव, रेलवे अस्पताल का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रशिक्षु की करंट से मौत का मामला गरमाता जा रहा है। रेलवे से मुआवजा व संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने के कारण अप्रेंटिस मृतक के परिजन के साथ बड़ी संख्या में युवा रेलवे अस्पताल के सामने सड़क पर बैठ गए। अस्पताल में मृतक का शव 30 घंटे से अधिक समय तक रखा रहा। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए आरपीएफ व पुलिस भारी संख्या में तैनात हुई। युवाओं ने जमकर हंगामा मचाया और मृतक के परिजन को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे।

- **बीसीएन डिपो में प्रशिक्षु की हुई थी मौत**

दरसल एक दिन पहले बीसीएन डिपों में प्रशिशु अप्रेंटिस प्रसाद काले की करंट लगने से मौत हुई थी। बुधवार को उनके परिजन महाराष्ट्र से शव लेने बिलासपुर पहुंचे थे। इस बीच रेलवे अप्रेंटिस 250 से अधिक प्रशिक्षु रेलवे अस्पताल के सामने डटे थे। सुबह से विरोध देखकर रेल प्रशासन सकते में आ गया। किसी तरह विरोध, विवाद या तोड़फोड़ न हो जाए। इसी भय से जीएम व डीआरएम कार्यालय के सामने भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया। इसके अलावा अस्पताल परिसर में भी रेल सुरक्षा बल के जवानों की तैनातगी कर दी गई। यह जवान विरोध कर रहे लोगो को अस्पताल के बाहर रोककर गेट बंद कर दिया।



मुआवजा और मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग करते हुए प्रशिक्षुओं ने रेलवे अस्पताल का घेराव किया।

### समर्थन में सभी जगह के अप्रेंटिस हुए एक साथ कहा- मांग पूरी करे अस्पताल

#### नहीं पहुंचे डीआरएम

विरोध कर रहे प्रशिक्षु का आरोप है कि रेलवे के लापरवाही से ही प्रसाद काले की मौत हुई है। वो यह मांग करते रहे कि मामले को लेकर डीआरएम यहां पहुंचें और परिजन से बात कर आश्वसन दें कि मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी व उचित मुआवजा राशि भी देगें। इसके बाद भी डीआरएम नहीं पहुंचे। अंत में पुलिस व आरपीएफ ने लाठी उठाकर विरोध कर रहे युवकों को रेलवे अस्पताल के सामने से खदेड़ा।



#### 8.50 लाख व नौकरी देने का मौखिक आश्वासन

मृतक प्रसाद काले के परिजनों ने बताया कि रेलवे के कुछ अफसरों ने उनसे मुलाकात की। उन्होने मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि घर के किसी एक व्यक्ति को नौकरी देंगे। साथ ही 8.50 लाख रूपए उनके एकाउंट में भी डाल दिया जाएगा। ऐसे में शव को अस्पताल में रखे 30 घंटे से अधिक समय होने और गर्मी से खराब न हो जाए इसके कारण परिजनों ने अफसरों के आश्वासन के बाद हंगामा मचाना बंद कर शव लेकर अपने गृह ग्राम चले गए।

#### समर्थन में सभी जगह के अप्रेंटिस

इस घटना से न केवल बिलासपुर बल्कि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जिन - जिन जगहों पर अप्रेंटिस प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह सभी बुधवार को सुबह से बिलासपुर पहुंच गए। सभी घटना के विरोध का समर्थन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक आश्वासन नहीं मिलेगा, विरोध जारी रहेगा। घटना केवल रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है। उन्होंने कार्य के दौरान अप्रेंटिस को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाने का भी विरोध किया।

## बीए फर्स्ट ईयर का अब तक घोषित नहीं किया गया रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहीं दूसरी ओर अभी तक बीए फर्स्ट ईयर प्राईवेट-रेगुलर का परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुआ है। बाकी अधिकांश परीक्षाओं के परिणाम यूनिवर्सिटी ने जारी कर दिए हैं और बीए फर्स्ट ईयर के भी एक-दो दिनों के भीतर परिणाम जारी होने की संभावना जताई जा रही है।

- **एयू ने जारी कर दिए बाकी परीक्षा परिणाम**

बीए फर्स्ट ईयर प्राईवेट और रेगुलर दोनों में ही विद्यार्थियों की संख्या अधिक रहती है, इसलिए फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों को अपने रिजल्ट का इंतजार है। दूसरी तरफ कालेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है और स्नातकोत्तर कक्षाओं में एडमिशन के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन चल रहा है। वैसे अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों में मुख्य परीक्षा जून माह के प्रथम सप्ताह तक चली है। पहले मुख्य परीक्षा मई माह में समाप्त होने वाली थी। लेकिन बीच में लोकसभा चुनाव में कुछ पेपर फंस रहे थे इसलिए कुछ पेपर स्थगित करना पड़ा था और उन पेपरों को जून माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की गई। परीक्षा के साथ ही साथ यूनिवर्सिटी ने उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन चालू करा दिया था, इसलिए बीच-बीच में परीक्षा परिणाम भी जारी होते गए। अभी तक यूनिवर्सिटी द्वारा बीपीएड, बीलिब, बीबीए, बीएससी, बीसीए, बीएड, एमए, पीजीडीआईबी, पीजीडीबीएम, एम कॉम, बीकॉम आदि कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए जा चुके हैं।



#### जल्द जारी होगा रिजल्ट

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य परीक्षा के अधिकांश कक्षाओं के रिजल्ट समय पर जारी किए जा चुके हैं। अब बड़े रिजल्ट में बीए फर्स्ट ईयर का रिजल्ट आना बचा है जो एक-दो दिनों के भीतर जारी होने की संभावना है।

**-डॉ. तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

## पत्नी ने मारपीट की रिपोर्ट लिखाई पति ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चरित्र शंका पर मारपीट करने पर पत्नी ने थाने में रिपोर्ट लिखा दी। उसके बाद सुबह हमलावर पति ने तिफरा रेलवे लाइन में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक निलाकर सेठ ने बताया, बुधवार की सुबह 5 बजे अशोक नगर डीएलएस कालेज के पीछे श्रीराम विहार निवासी सनत दुबे पिता माखन दुबे 52 साल ने तिफरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। वह वन विभाग में डेलीविजेस में चौकीदारी का काम करता था। बुधवार की सुबह 4 बजे वह घर से निकला था। उनकी पत्नी का बयान नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक 9 जुलाई को मृतक की पत्नी आरती दुबे ने सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। उनकी शादी मृतक से 2006 में हुई थी। उनकी एक बेटी समृद्धि दुबे 17 साल है। शादी के कुछ समय बाद से चरित्र पर आरोप लगाकर लगातार मारपीट करता है। वह उनके खिलाफ कई बार रिपोर्ट लिखा चुकी है। 9 जुलाई को दोपहर 3 बजे मृतक ने उनके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति सनत दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड, गंदगी, स्ट्रीट लाइट की शिकायत



**बिलासपुर।** नगर निगम अंतर्गत वार्ड में जनसमस्या निवारण शिविर बुधवार से शुरू हो गया है। पहले दिन वार्ड नंबर 20 में शिविर लगा। इनमें सबसे ज्यादा राशन कार्ड, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि से संबंधित आवेदन जनसमस्या निवारण शिविर में आए हैं। आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से नगर निगम सीमा क्षेत्र में आयोजित किए जाने वाले जनसमस्या निवारण शिविर आज से शुरू हो गया है। यह शिविर 10 जुलाई से शुरू होकर 10 अगस्त तक एक माह तक चलेगा। पहले दिन वार्ड नंबर 20 के सिंधी पंचायत भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, जोन कमिश्नर सवीना अनंत, अधीक्षण अभियंता राजकुमार मिश्रा सहित वार्ड पार्षद आदि उपस्थित रहे। प्रत्येक दिन नगर निगम के अलग-अलग जोन क्षेत्रों के अलग-अलग वार्डो नगर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा।

#### शिविर के पहले ही दिन 82 आवेदन

इस शिविर में वार्ड के नागरिक अपनी मांग, समस्या और सुझाव लेकर पहुंचे थे, जिसमें विभिन्न प्रकार के कुल 82 आवेदन आए हैं। इनमें साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड, सड़कों के मरम्मत, आवास की मांग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण, संपत्ति कर सहित मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन शामिल हैं। इसमें भी 49 आवेदन राशन कार्ड, 12 आवेदन सड़क व नाली मरम्मत, 16 आवेदन आवास के लिए तथा 5 अन्य प्रकरण से संबंधित आवेदन आए हैं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही सिकल सेल जांच की सुविधा भी है।

# 13 साल की नाबालिग को नशीली दवा खिलाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र के विवेकानंद रेसीडेंसी में 13 साल की बालिका को नशीली दवा खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। बालिका को परिजन बदहवास हालत में लेकर घर आए। यहां पूछताछ के बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।

- **सरकंडा क्षेत्र के विवेकानंद रेसीडेंसी की घटना, दो आरोपी हिरासत में**

सरकंडा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपनी 13 साल की बेटी से सामूहिक अनाचार की शिकायत की है। महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी की दोस्ती विवेकानंद रेसीडेंसी में रहने वाले एक नाबालिग से थी। मंगलवार की रात नाबालिग ने उनकी बेटी के मोबाइल पर मैसेज किया। इसमें उसने बेटी की अश्लील फोटो होने की बात कही थी। उसने बेटी को कालोनी स्थित मंदिर के पास मिलने के लिए बुलाया। अश्लील फोटो होने के डर से बच्ची रात करीब दो बजे नाबालिग से मिलने के लिए चली गई। वहां पर नाबालिग अपने एक दोस्त के साथ खड़ा था। दोनों ने मिलकर नाबालिग को नशीली दवा खिला दी। इसके बाद दोनों ने बच्ची से दुष्कर्म किया। इधर बेटी को घर में न पाकर महिला उसकी तलाश करने लगी। रात को महिला अपनी बेटी को खोजते हुए मंदिर के पास पहुंची। उसे देखते ही नाबालिग और उसका साथी भाग निकले। इधर महिला अपनी बदहवास बेटी को लेकर घर चली गई। सुबह बेटी के होश में आने के बाद उसे पूरे मामले की जानकारी हुई। महिला ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

#### बिक रही नशीली दवा

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में नशीली दवा बेची जा रही हैं, इसके खरीदार ज्यादातर नाबालिग हैं। नशीली दवा का उपयोग करने वाले नाबालिग आए दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इधर पुलिस नशीली दवाइयों के छोटे सौदागरों को ही पकड़ रही है। जिले में नशीली दवा पहुंचाने वालों तक अब तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## खबर संक्षेप



### पेंड्रा नपं का समुचित विकास करने की मांग

पेंड्रा। नगर पंचायत पेंड्रा के पार्षद रमेश साहू ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात कर पेंड्रा नगर पंचायत के समुचित विकास हेतु नगर पालिका परिषद में अपग्रेड करने व पेंड्रा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के विकास सहित पेंड्रा बायपास शीघ्र बनवाने की मांग रखी। जिस पर अरुण साव ने जल्द से जल्द सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### सेजेस पेंड्रा में शाला प्रवेश उत्सव जन्मदिन पर न्योता भोज

पेंड्रा। आत्मानंद विद्यालय पेंड्रा में आज शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का विधायक प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, डीएफओ रौनक गोयल के द्वारा फूल माला पहनाकर, तिलक लगाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत कर निशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश व साइकिल वितरित किया गया। विधायक मरपची ने कहा कि आज का दिन बच्चों के लिए बहुत खास है। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित सभी जिला अधिकारियों से कहा कि बच्चों को सही दिशा देने की जरूरत होती है। शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माता है। बच्चे ज्यादातर समय स्कूलों में बिताते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने शाला परिसर में पौधारोपण भी किए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, नपं मरवाही अध्यक्ष किशन सिंह ठाकुर, गणमान्य नागरिक पवन सुल्तानिया, मुकेश दुबे, जीवन सिंह राठौर, लालजी यादव, मनीष श्रीवास, परियोजना निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर, संयुक्त कलेक्टर प्रिया गोयल, डीएमसी अनूपमा राजवाड़े, प्राचार्य व्ही के वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सहायिकाओं के भर्ती हेतु आवेदन 24 तक आमंत्रित

मुंगेली। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ियों में सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 24 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 1 की परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र बरेला 4, ठकुरीकापा 1, धरमपुरा 2, पदमपुर 3, भठलीकला 3, खपरी, नवागांव घु. 1, चारभाठा 1 और खुर्सी 2 में सहायिकाओं की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि सहायिका पद के लिए आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष के बीच होना चाहिए।

### बरेला कुकुसदा मार्ग सुधारने ग्रामीणों ने दिया आवेदन

तखतपुर। बरेला कुकुसदा मार्ग को सुधारे जाने के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन दिया है। तथा मांग किया है कि शीघ्र ही यदि इस मार्ग का सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बरेला से कुकुसदा मार्ग की लम्बाई लगभग 20 किमी है जो जगह जगह गढ्ढे और उबड़ खाबड़ है। इसके कारण इस मार्ग में राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। खास कर बरसात के समय और ज्यादा दिक्कत हो रही है। नवीन यात्री कई बार गिर कर घायल हो रहे है। गढ्ढा होने से पानी भर जाता है और पहली बार यात्रा करने वाले राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। मौहाभाठा, भथरी, कुकुसदा, अमलीकापा, मोतिमपुर, अमोरा सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने कहा कि हमें प्रतिदिन तखतपुर आना जाना पड़ता है। क्षेत्र के ग्रामीण पिल्लूराम साहू, दुजराम साहू, अश्वनी, देवचरण, मोती, ज्वाला प्रसाद, राजकुमार, चैतराम, मनोज, घुरुवा, रमेश, शिवकुमार सहित अन्य ने ज्ञापन सौंपा।

### एकलव्य में लेटरल एन्ट्री द्वारा दिया जाएगा प्रवेश

मुंगेली। जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 7वीं, 9वीं व 11वीं के रिक्त 3 सीटों में लेटरल एन्ट्री द्वारा प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 16 जुलाई तक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एलपी पटेल ने बताया कि लेटरल एन्ट्री के अंतर्गत 7वीं, 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।

### परिजन को 25 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

मुंगेली। ग्राम लिलवाकापा निवासी चंद्रप्रकाश माहिरे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजन को 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि दी गई। एसडीएम पार्वती पटेल ने मृतक की पत्नी राजेश्वरी माहिरे को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के परिजन को यह राशि प्रदान की गई।

---

मानसून के रफ्तार नहीं पकड़ने से सताने लगी चिंता

# अच्छी फसल के लिए बारिश का इंतजार किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में मानसून की भले ही दस्तक हो गई है। लेकिन बारिश की रफ्तार अब तक नहीं पकड़ पा रही है। जिसके चलते किसानों की माथे पर लकीर दिख रही है। हालात यह है कि जिले में अब तक धान बुआई बोता 87 प्रतिशत हो चुकी है जबकि रोपाई मात्र 1 प्रतिशत हो पाई है। ऐसे किसान जो बारिश के अंदेशे के बाद छिडकाव की बोआई कर चुके है। अब ऐसे किसान चिंतित हो रहे है।

जिले में 1 लाख 29 हजार 930 हेक्टेयर में खरीफ सीजन में फसल लगाने का टारगेट रखा गया है। अब तक 67 फीसदी रकबे में लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वह भी जुताई के बाद छिडकाव पध्दति से हो पाया है। जबकि ऐसे किसान जो परंपरागत तौर पर रोपाई से फसल लगाते है, वे अभी नर्सरी तैयार कर बारिश का इंतजार कर रहे है। हांलाकि ऐसे किसान जिनके पास बोर है, वे थरहा लगाने की तैयारी में है, लेकिन जिले में ऐसे कम ही है। जानकारी अनुसार जिले में धान, दलहन और तिलहन का करीब 1 लाख 29 हजार 930 हेक्टेयर में फसल लिए जाने का टारगेट रखा गया है। जिसमें अब तक सिर्फ 87 हजार 298 हेक्टेयर में ही बोआई हो सका है। बोता पध्दति से करीब 81 हजार 120 हेक्टेयर में बोआई हो चुकी है, लेकिन बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है। किसानों ने बताया कि, जून माह के शुरूआत में बारिश होता देख उन्होंने खेत की जोताई कर दी। वर्तमान में धान का अंकुरण भी हो चुका है। लेकिन बोता वाले फसल को वर्तमान में पानी की जरूरत है। खेत में पानी का ठहराव भी नहीं है। आगामी दिनों बारिश नहीं हुई तो किसानों को फिर से बोआई की चिंता सताने लगी है। ग्राम संबलपुर के किसान रघुराज सिंह, खैरवार के किसान गोपाल साहू ने बताया कि खेत में पानी का भराव नहीं हो सका है। ऐसे में अंकुरण होने के बाद किसान खाद का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे है। अंकुरण होने के बाद पौधों के ग्रोथ के लिए खाद का छिडकाव कम मात्रा में किया जाता है। लेकिन खेत में पानी नहीं होने से किसान डीएपी व यूरिया खाद नहीं डाल पा रहे है।


बारिश की कमी से सूख रहा धान।

**87 फीसदी पूरा**

वर्तमान में बोता पध्दति से किसानों ने बोआई का कार्य 87 फीसदी पूरा कर लिया है। रोपाई का कार्य बारिश में तेजी आने के बाद ही होगा।

-डीके ब्यौहार, उपसंचालक कृषि

---

# जिले में डीएमएफ मद से हुए सड़क निर्माण में भारी अनियमितता, कलेक्टर जनदर्शन में की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के खनिज न्यास फंड डीएमएफ मद से हुए कार्यों में अनियमितता की शिकायतें आ रही है। खर्च को लेकर मनमानी का मामला सामने आया है। फंड के पैसों का दुरुपयोग कर मनचाहे जगह पर उपयोग करने के चलते स्तरहीन कार्यों को अंजाम दिया गया है। जिले में डीएमएफ मद से हुए सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी द्वारा जनदर्शन में की गई है।

ग्राम पंचायत ने नगर पालिका क्षेत्र के अवैध कालोनी में डीएमएफ मद से करीब 14.98 लाख का सड़क निर्माण किया हैं। जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और 5 महीने के भीतर ही यह सड़क जर्जर हो गया। जिससे इस सड़क निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हैं। कालोनीवासियों ने बताया कि नगर पालिका अवैध कालोनी हैं कहकर सड़क नाली नहीं बना रही थी। बड़ी मुश्किल से जब यह सड़क डीएमएफ मद से बना तो यह भी 5 महीने में उखड़कर जर्जर हो गया। क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि यदि जनता की सुविधा के लिए डीएमएफ मद से सड़क निर्माण किया गया, तो सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाना चाहिए था। इस सड़क निर्माण भ्रष्टाचार की शिकायत अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में की गई। शिकायत में बताया गया कि अभी हाल ही में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अवैध कालोनी में डीएमएफ मद से ग्राम पंचायत करही द्वारा 14.98 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य कराया गया हैं। यह सड़क निर्माण करीब 6-7 माह पूर्व ही कराया गया हैं, परंतु वर्तमान में यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं, गिट्टियां निकलकर बिखरी हुई है, जगह-जगह गढ्ढे हो रहे हैं। जिससे धूल भी बहुत ज्यादा होती हैं। उल्लेखनीय है कि सड़क, नाली, बिजली सहित कई मूलभूत सुविधा कालोनाइजर को नियमानुसार देना चाहिए। नगर पालिका के अवैध प्लाटिंग व अवैध कालोनी में ग्राम पंचायत करही द्वारा डीएमएफ मद से जो सड़क बनाया गया है उसमें भ्रष्टचार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हैं। इससे राज्य शासन को आर्थिक क्षति हुई हैं, इस सड़क निर्माण कार्य का जो बोर्ड लगाया गया है वह मुख्य द्वार पर न लगाकर अंतिम छोर में लगाया गया है। बोर्ड में कार्य प्रारंभ व समयसीमा का उल्लेख नहीं किया गया है। मामले में दोषियों पर वैधानिक व कड़ी कार्रवाई करने तथा भुगतान रोकने की मांग की गई हैं। जिले में डीएमएफ मद से कराए गए अनेक कार्यों में कमीशनखोरी के चलते घटिया कार्यों को अंजाम दिया गया है, जो निर्माण के कुछ समय में ही खराब हो रहे है। सेतगंगा स्थित पुखराज के घर से महाविद्यालय तक सीसी रोड निर्माण कार्य डीएफएम मद से किया गया है। उक्त निर्माण में कार्य पूर्ण होने से पहले सड़क टूटने लगी है।


बनाए गए सड़क, सड़क निर्माण का बोर्ड।

---

# अयोध्या धाम की यात्रा के लिए कलेक्टर ने 64 यात्रियों के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


श्रीरामलला दर्शन योजना के हितग्राही।

मुंगेली। अयोध्या धाम की यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार की ओर से 'श्रीरामलला दर्शन योजना चलाई जा रही है। इसके तहत तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं। कलेक्टर राहुल देव ने आज 64 यात्रियों के दल को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बसों में सवार ये तीर्थयात्री मुंगेली से बिलासपुर रेलवे स्टेशन जाएंगे और वहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा और उन्हें पुष्पाहार पहनाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इन तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इन सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा। तीर्थ यात्रा के दौरान दो कर्मचारी देखरेख के लिए लगाए गए हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जिले से 49 यात्रियों के दल रवाना

गौरेला। रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से 49 तीर्थयात्रियों के दल को कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी तीर्थयात्री बिलासपुर से ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर ने सभी तीर्थ यात्रियों को मिठाई खिलाया और गुलाब का पुष्प भेंट कर उनके मंगलमय यात्रा की कामना की। दल में जनपद पंचायत गौरेला से 12, पेंड्रा से 12, मरवाही से 13, नपा परिषद पेंड्रा से 5, गौरेला से 7 तीर्थयात्री शामिल है। तीर्थ यात्रियों के रवानगी के अवसर पर परियोजना निदेशक जिला पंचायत केपी तेंदुलकर, एसडीएम अमित बैक, सीएमओ केएल निर्मलकर उपस्थित थे।

---



### नए कानूनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

सेतगंगा/मुंगेली। शासकीय महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा में 1 जुलाई से लागू तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला दण्ड विधान से न्याय विधान की ओर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में फास्टरपुर थाने के थानाध्यक्ष कार्तिकेय जांगड़े को आमंत्रित किया गया था। थानाध्यक्ष द्वारा उपरोक्त तीनों कानूनों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का निदान किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष के साथ अन्य पुलिसकर्मी, प्राचार्य डॉ अखिलेश चन्द्र वर्मा, कार्यक्रम के संयोजक डॉ कमलेश मिश्रा, योगेंद्र साहू, अपनीत तिर्की, डॉ अमित सिंह, दिलीप देवांगन, ज्योति डहरिया महिला कार्यक्रम अधिकारी, संजय बिंझवार पुरुष कार्यक्रम अधिकारी व छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

---

# लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश

मुंगेली। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक कलेक्टर राहुल देव ने ली। बैठक में उन्होंने जनदर्शन के महत्वपूर्ण प्रकरणों, सीएम जनदर्शन के लंबित प्रकरणों व कॉल सेंटर के लंबित प्रकरणों आदि की विस्तार से समीक्षा की। जनदर्शन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन बड़ी उम्मीद से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों में आते हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से त्वरित ढंग से समाधान होना चाहिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन के महत्वपूर्ण प्रकरणों तथा सीएम जनदर्शन में लंबित प्रकरणों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्री देव ने कॉल सेंटर एवं राजस्व के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सभी प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कृषि विभाग के उपसंचालक से खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


समय सीमा की बैठक में अधिकारी।

### जनदर्शन में आम लोगों से रूबरू होकर हुए कलेक्टर

जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में पहुंचे जिले के आम लोगों से कलेक्टर राहुल देव ने रूबरू होकर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए ही जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारी जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएफओ संजय यादव, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, अजीत पुजारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

# जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक


जीवनदीप समिति की बैठक में उपस्थित चिकित्सक एवं अधिकारी।

मुंगेली। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राहुल देव ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन, कार्रवाई विवरण और वर्तमान एजेंडा पर विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी सहित अन्य जांच की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को विभिन्न जांच एवं परीक्षण की रिपोर्ट समय पर मिले, इसके लिए व्यवस्था बनाएं। उन्होंने जांच एवं परीक्षण की रिपोर्ट मोबाईल पर भेजने के लिए डिजिटल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को गंभीरता के आधार पर प्राथमिकता देते हुए बेहतर ईलाज सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मियों की कार्य मूल्यांकन के लिए व्यवस्था बनाने एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचार के दौरान मरीजों से लेन-देन की शिकायत नहीं आना चाहिए अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों का जाना हाल

इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में प्रसव जांच कक्ष, आईसीयू यूनिट सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने वार्ड रूम में साफ-सफाई सहित मरीजों को साफ-सुथरा चादर, टावेल आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने डॉक्टरों की उपलब्धता की भी जानकारी ली तथा ड्यूटी चार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मरीजों का पूरी संवेदनशीलता से बेहतर ईलाज करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, सिविल सर्जन डॉ एम.के. राय, डीपीएम गिरीश कुर्रे सहित जीवनदीप कार्यकारणी समिति के सदस्य, विशेषज्ञ चिकित्सक और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---



### आरोपी की धरपकड़ में एक उप निरीक्षक तीन आरक्षकों को मिला कॉप ऑफ द मंथ

पेंड्रा । अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसपी भावना गुप्ता द्वारा कॉप ऑफ द मंथ योजना चलाई जा रही है। जून में एसबीआई के सामने युवती की हत्या कर फरार आरोपी दुर्गेश प्रजापति पकड़ने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले थाना मरवाही के पुलिसकर्मियों उप निरीक्षक गंगाप्रसाद बंजारे, आरक्षक विश्वास आले, आरक्षक नारद जगत, आरक्षक इंद्रपाल आर्मो को कॉप ऑफ द मंथ का सम्मान दिया गया है।

इसके अतिरिक्त एसपी के द्वारा जिले के 10 और पुलिसकर्मियों को माह जून में अन्वेषण, आरोपियों की धर पकड़ में बेहतर कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें साइबर सेल के प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश ध्रुव, एएसआई मनोज हनोतिया, प्रधान आरक्षक रवि त्रिपाठी, चौपाल कश्यप, आरक्षक राजेश शर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, दुष्यंत मेश्राम, महेंद्र परस्ते, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक अशोक कश्यप, अमितेश पात्रे, आरक्षक संतोष परस्ते सम्मानित हुए। साइबर सेल द्वारा गत माह 2 चोर से 10 बाइक बरामद करने समेत अन्य मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, डीएसपी निकिता तिवारी, डीएसपी दीपक मिश्रा, डीएसपी श्याम सिदार उपस्थित रहे।

---

# मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली द्वारा 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से केन्द्रीय कर्मचारियों एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दिन के अवकाश नकदीकरण तथा सभी कर्मचारियों के लंबित पदोन्नति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर कसे ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री अवधेश शुक्ला, जिला शाखा अध्यक्ष बिन्दु भास्कर, जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रभात तिवारी, जिला प्रवक्ता अरविंद शर्मा, फूलचंद यादव, मुंगेली तहसील अध्यक्ष पीला लाल दिवाकर, तहसील अध्यक्ष लालपुर देवीशंकर यादव, सचिव फूलचंद बंजारे, जरहागांव तहसील अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, सचिव जवाहरलाल डेढ़सेना, पुरूषोत्तम पांडेय, शिक्षा उप समिति अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, शंकर साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुशीला घृतलहरे, अंकिता ठाकुर, मधु श्रीवास्तव, सूरज देवी, राहुल देव खांडेकर, जगमोहनी भगत, संजय शुक्ला पवन अनंत, अनिल सिंह राज, अभिषेक टंडन, विजय क्षत्रिय, लक्ष्मी नारायण बन्जारे, भूपेन्द्र घृतलहरे, सतीश टंडन, रमाशंकर गुप्ता, मनोज अंचल, इंद्राज पाटले, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।



ज्ञापन देते कर्मचारी संघ।

---

स्टाफ व विद्यार्थियों को एक से अधिक पौधे लगाने की अपील

# एक पेड़ मां के नाम के तहत दाऊपारा में 101 पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम के तहत आत्मानंद विद्यालय दाऊपारा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीपीओ व प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय नाथ, सहायक परियोजना अधिकारी आकाश परिहार, पालक प्रतिनिधि अरविंद सिंह राजपूत उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पर्यावरण संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा पेड़-पौधों का लोगों के दैनिक जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उसका संरक्षण करने का आग्रह किया गया। शाला परिसर में 101 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने पेड़-पौधों को मनुष्य के सामान सजीव एवं पर्यावरण संतुलन के लिए अति आवश्यक घटक बताया। कार्यक्रम में व्याख्याता सांत्वना दत्ता, राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, हरिशंकर गुप्ता, संध्या कुजूर, दिलेश्वरी मरावी, रीना मरावी, रंजीता केंवट, वंदिता गुप्ता, सविता देवांगन, ज्योति जायसवाल, रूही फातिमा, पारूल, ओझा, शबनम बानों, पुष्पांजली कोशले, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, बंशीलाल कुम्हार, राकेश साहू व अन्य उपस्थित थे।


पौधरोपण करते अधिकारी।

### मरवाही वनमण्डल में अभियान के तहत हो रहा पौधारोपण



गौरेला। एक पेड़ मां के नाम के तहत मरवाही वन मंडल में लोगों को पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चलित अस्थाई नर्सरी के माध्यम से निशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है। वन मंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया की हमारे द्वारा सभी रेंजो में समितियों व वन कर्मियों की टीम बनाकर लोगों को निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे है। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम पेंड्रा में आयोजित किया गया।

### सारधा में पौधरोपण



लोरमी। ग्राम सारधा के पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप केशरवानी, उपाध्यक्ष हेतराम निषाद, सचिव प्रद्युम्न राम पटेल, कोषाध्यक्ष डा सत्यनारायण तिवारी, पंच प्रतिनिधि जयकुमार केशरवानी, सदस्य किरण सारथी, शान्ति राजपूत कतिका निषाद, सरस्वती निषाद, उर्मिला साहू, संतोषी निषाद, पुष्पा अहिरवार, अंजनी ध्रुव, श्वेता ब्रेक, गेंदराम यादव, ऋषि चन्द्रसेन व गौतम सिह राजपूत प्रमुख है। गठन के उपरांत शाला परिसर में एक पेड मां के नाम के तहत पौध रोपण किया गया।

### मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित मिरी व कौशलेश तिवारी, एनएचएम संघ प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ. रविशंकर दीक्षित, पूरन दास के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष अमित दुबे के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।ज्ञात हो कि जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया था। लेकिन बहुत से विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है। लेकिन लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त मांग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सघ के भुवन साहू, अवि साहू, पवन निर्मलकर, योगेश सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।